उज्जैन
मंगलवार
04
अगस्त, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-272
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ▸ इंदौर में 15 वर्षीय किशोरी को 3 लाख रुपयों में बेचा

7 ▸ आकिब नबी पहली बार भारतीय टेस्ट टीम में

# ई20 पेट्रोल के खिलाफ केजरीवाल का पीएम आवास तक मार्च

## 'दिल्ली पुलिस बोली- परमिशन नहीं, पूर्व सीएम का आरोप- सरकार ट्रम्प के दबाव में है, 100 लोगों को लेकर जाएंगे और जनहित याचिकाएं सौंपेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल आज पीएम आवास तक मार्च करेंगे। केजरीवाल ने सोमवार को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह घोषणा की थी कि वे 4 अगस्त को दोपहर 12 बजे पीएम आवास तक जाएंगे।

दिल्ली के पूर्व सीएम यह प्रदर्शन ई20 पेट्रोल के खिलाफ कर रहे हैं। इस दौरान वे अपने साथ 100 लोगों को लेकर जाएंगे और जनहित याचिकाएं सौंपेंगे।




केजरीवाल का आरोप है कि भारत ने अमेरिका से इथेनॉल खरीदने के लिए ट्रम्प के सामने घुटने टेक दिए हैं। सरकार दबाव में आकर ई20 फ्यूल को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने दावा किया कि सरकार का ई20 पर लगातार जोर देना किसी छिपे हुए एजेंडे की ओर इशारा करता है। लोग की गाड़ियों में कई तरह की परेशानियां हो रही हैं। हालांकि दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने कहा है कि केजरीवाल को मार्च की इजाजत नहीं दी जाएगी। और किसी भी जुलूस को रोकने के लिए सुरक्षा इंतजाम किए जा रहे हैं।

### पीएम को सौंपेंगे 2 लाख लोगों के हस्ताक्षर

- केजरीवाल ने बताया कि उन्होंने पिछले महीने प्रधानमंत्री को लेटर लिखा था। जिसमें ई20 पेट्रोल से जुड़ी चिंताओं पर चर्चा के लिए समय मांगा था।
- केजरीवाल का दावा है कि उन्हें इस चिट्ठी का कोई जवाब नहीं मिला। इसलिए अब वे खुद पीएम आवास जाकर जनता की साइन की हुई याचिकाएं सौंपेंगे।
- आम आदमी पार्टी संयोजन ने यह मांग भी रखी है कि पेट्रोल पंपों पर शुद्ध पेट्रोल और ई20 दोनों के ऑप्शन मिलने चाहिए। ई20 पेट्रोल की कीमतों में कटौती की जाए।

### केजरीवाल अराजकता की राजनीति कर रहे

- दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने केजरीवाल के मार्च के ऐलान पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस और केजरीवाल के बीच देश का नंबर 1 अराजकतावादी बनने की होड़ का हिस्सा है।
- मल्होत्रा ने आरोप लगाया कि जब से कांग्रेस ने पीएम आवास पर प्रदर्शन किया है, केजरीवाल खुद को पीछे महसूस कर रहे हैं। बिना परमिशन धरना-प्रदर्शन करना और फिर विक्टिम कार्ड खेलना केजरीवाल की पुरानी राजनीतिक शैली है।
- उन्होंने दावा किया कि जब पुलिस उन्हें बिना अनुमति के पीएम आवास में घुसने से रोकेगी, तो केजरीवाल फिर से यही कहेंगे कि सरकार ने उनसे बात करने से इनकार कर दिया।

ईरान का कुवैत में अमेरिकी बेस पर हमला

# ओमान तट के पास जहाज पर अटैक

## ट्रम्प बोले- ईरान के पास समझौते का आखिरी मौका, जहाजों को सतर्क रहने की सलाह दी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेहरान/वाशिंगटन

अमेरिका-ईरान वार्ता से पहले खाड़ी क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है। द यरुशलम पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान की आईआरजीसी ने मंगलवार सुबह कुवैत स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे पर कम से कम तीन ड्रोन से हमला किया। फिलहाल किसी नुकसान या हताहत की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

उधर, यूके मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस ने बताया कि ओमान के तट के पास एक मालवाहक जहाज अज्ञात प्रोजेक्टाइल की चपेट में आया। एजेंसी ने जांच शुरू कर दी है और जहाजों को सतर्क रहने की सलाह दी है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि उसके पास समझौते का आखिरी मौका है। उन्होंने दोहराया कि बातचीत नाकाम रही तो अमेरिका सैन्य कार्रवाई से पीछे नहीं हटेगा।



**अमेरिका-ईरान वार्ता की तारीख और जगह अब तक तय नहीं:** अमेरिका और ईरान के बीच प्रस्तावित बातचीत को लेकर अभी तक तारीख और स्थान तय नहीं हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान और कतर संभावित मेजबान देशों के तौर पर चर्चा में हैं और दोनों देश मध्यस्थता की कोशिश कर रहे हैं।

**ईरान की नई रणनीति- जंग नहीं, अमेरिका पर दबाव बढ़ाना:** रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान अब सीधी सैन्य जीत के बजाय समुद्री व्यापार, तेल आपूर्ति और अहम शिपिंग रूट्स पर दबाव बनाकर अमेरिका और उसके सहयोगियों की लागत बढ़ाने की रणनीति अपना रहा है।

**ईरान का दावा- होर्मुज के ऊपर उड़ रहा रीपर ड्रोन मार गिराया:** आईआरजीसी ने दावा किया कि उसने होर्मुज स्ट्रेट के ऊपर उड़ रहे टद-9 रीपर ड्रोन को एयर डिफेंस सिस्टम से मार गिराया। हालांकि, यह नहीं बताया गया कि ड्रोन किस देश का था।

**अमेरिका ईरान पर दबाव बढ़ाने के नए विकल्प तलाश रहा:** सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने अपने सैन्य विश्लेषकों से ईरान पर दबाव बढ़ाने और उसे सजा देने के लिए नए सुझाव मांगे हैं। अधिकारियों ने इसे असामान्य कदम बताया है।

**हूती धमकी के बाद 6 सऊदी सुपरटैंकरों ने रास्ता बदला:** यमन के हूती विद्रोहियों की धमकी के बाद छह सऊदी सुपरटैंकरों ने लाल सागर और बाब-अल-मंदेब के बजाय अफ्रीका के दक्षिणी हिस्से से लंबा समुद्री रास्ता अपनाया। इससे क्षेत्र में शिपिंग सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई।

लश्कर आतंकी ने कहा

# भारतीय एजेंट्स ने हमारे 30 लोग मारे पेशावर से रावलपिंडी तक हमले किए

## पीओके में भी चैन से नहीं रहने दिया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद

इस्लामाबाद में लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी रिजवान हनीफ ने दावा किया है कि पिछले तीन-चार साल में उनके संगठन के 30 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। उसके मुताबिक ये हमले पेशावर, कराची, रावलपिंडी, रावलकोट और मुजफ्फराबाद में अज्ञात हमलावरों ने किए। उसने आरोप लगाया कि ये हमलावर भारतीय एजेंट्स थे। इससे जुड़ा एक वीडियो सामने आया है। इसमें हनीफ कहता है, हमारे लोगों को भारतीय खुफिया एजेंसियों ने आजाद कश्मीर में अमन और चैन से नहीं रहने दिया। अपने एजेंट्स के जरिए उन्होंने हमारे लोगो को शहीद किया।

### पाकिस्तान पहले भी भारत पर ऐसे आरोप लगा चुका

- पाकिस्तान पहले भी देश में आतंकियों की हत्याओं के लिए भारत पर आरोप लगाता रहा है। जनवरी 2024 में तत्कालीन विदेश सचिव मुहम्मद साइरस सज्जाद काजी ने दावा किया था कि भारतीय एजेंसियां पाकिस्तान में सीमा पार टारगेट किलिंग में शामिल हैं। भारत ने इन आरोपों को खारिज कर दिया था।
- इसके बाद अप्रैल 2024 में ब्रिटिश अखबार द गार्डियन की रिपोर्ट में दावा किया गया कि 2020 के बाद पाकिस्तान में करीब 20 आतंकियों और उग्रवादियों की अज्ञात हमलावरों ने हत्या की।
- इनमें लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिज्बुल मुजाहिदीन से जुड़े लोग भी शामिल बताए गए। रिपोर्ट में पाकिस्तानी अधिकारियों और कथित खुफिया सूत्रों के हवाले से इन घटनाओं के पीछे भारतीय एजेंसियों की भूमिका का दावा किया गया था।
- हालांकि, भारत के विदेश मंत्रालय ने इस रिपोर्ट को भी खारिज करते हुए इसे झूठा और भारत-विरोधी प्रचार बताया था। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी कहा था कि दूसरे देशों में टारगेट किलिंग करना भारत सरकार की नीति नहीं है।

डिब्बाबंद नारियल पानी पर उठे सवाल

# कई उत्पादों में वास्तविक नारियल पानी केवल 30 प्रतिशत, उपभोक्ताओं में बढ़ी चिंता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

गर्मी और स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता के बीच पैकेज्ड नारियल पानी की मांग तेजी से बढ़ी है। लेकिन बाजार में बिक रहे कुछ डिब्बाबंद और टेट्रा पैक नारियल पानी उत्पादों के लेबल ने उपभोक्ताओं को चौंका दिया है। कई उत्पादों में वास्तविक नारियल पानी की मात्रा केवल लगभग 30 प्रतिशत या उससे भी कम बताई गई है, जबकि शेष भाग में पानी, फ्लेवर, एसिडिटी रेगुलेटर, एंटीऑक्सीडेंट तथा अन्य स्वीकृत खाद्य अवयव शामिल हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या उपभोक्ता जिस उत्पाद को शुद्ध नारियल पानी समझकर खरीद रहे हैं, वह वास्तव में वैसा है भी या नहीं।

विशेषज्ञों का कहना है कि अधिकांश उपभोक्ता पैकेजिंग पर लिखे बड़े-बड़े दावों को देखकर उत्पाद खरीद लेते हैं, लेकिन पीछे दिए गए इंग्रीडिएंट्स और कंटेंट को नहीं पढ़ते। इसी कारण कई लोग यह मान लेते हैं कि पूरा पैक केवल ताजा नारियल पानी से भरा है, जबकि वास्तविकता अलग हो सकती है। खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण समय-समय पर नारियल पानी और अन्य खाद्य उत्पादों के मानकों तथा लेबलिंग को लेकर दिशा-निर्देश जारी करता रहा है। हाल ही में भ्रामक 100% जैसे दावों पर भी नियामक ने सख्ती दिखाई है और स्पष्ट लेबलिंग पर जोर दिया है।

- उपभोक्ता संगठनों का कहना है कि यदि किसी उत्पाद में नारियल पानी की मात्रा सीमित है, तो इसकी जानकारी पैकेट के सामने बड़े और स्पष्ट अक्षरों में दी जानी चाहिए, ताकि ग्राहक भ्रमित न हों। उनका मानना है कि आकर्षक विज्ञापनों और पैकेजिंग के कारण लोग इसे ताजे नारियल पानी का विकल्प समझ लेते हैं, जबकि स्वाद और पोषण दोनों में अंतर हो सकता है।
- विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि पैकेज्ड उत्पाद खरीदते समय उपभोक्ता सामग्री सूची, पोषण संबंधी जानकारी, फसाई लाइसेंस नंबर, निर्माण एवं समाप्ति तिथि तथा वास्तविक नारियल पानी की प्रतिशत मात्रा अवश्य जांचें। यदि संभव हो तो ताजा हरे नारियल का पानी स्वास्थ्य की दृष्टि से बेहतर विकल्प माना जाता है।
- खाद्य विशेषज्ञों का कहना है कि पारदर्शी लेबलिंग और उपभोक्ता जागरूकता ही इस तरह के भ्रम को दूर करने का सबसे प्रभावी उपाय है।




# बिल्डरों के पास फंसे खरीदारों के 393 करोड़

## इंदौर के 951 केस में निवेशकों के 116 करोड़, आधी रकम अकेले भोपाल की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

घर खरीदने वालों के पैसे नहीं लौटने वाले डिफॉल्टर बिल्डरों पर शिकंजा कसने की रियल एस्टेट रेग्यूलेटरी अथॉरिटी (रेरा) की कोशिशों पर पानी फिर रहा है। रेरा की ओर से जारी होने वाले राजस्व वसूली प्रमाणपत्र (आरआरसी) का कोई असर बिल्डरों पर नहीं है। जिलों के कलेक्टर उसकी वसूली ही नहीं करवा पा रहे।

मार्च 2026 के आंकड़े हैं कि ढाई हजार के करीब केसों में 393.37 करोड़ की वसूली नहीं हुई है। इनमें इंदौर के 951 केस में निवेशकों के 116 करोड़ फंसे हुए हैं। वहीं भोपाल में एक हजार आरआरसी जारी हुई हैं, जिसका करीब 212 करोड़ बिल्डर नहीं दे रहे।

आरआरसी की व्यवस्था है कि यदि कोई बिल्डर डिफॉल्टर हो जाए तो रेरा उसके खिलाफ और खरीदार के पक्ष में वसूली आदेश जारी करके जिला प्रशासन को भेजता है। संबंधित जिलों के कलेक्टर और तहसीलदारों को इसकी वसूली करानी होती है। बिल्डर पैसे न दे तो जिला प्रशासन को उसकी जब्त करने और उसे जेल भेजने तक के अधिकार हैं। पर वसूली नहीं हो रही।



नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के पास जब ये मामले पहुंचे तो उन्होंने एक नोटशीट विभाग के उच्च अफसर को भेजी और कहा कि आरआरसी वसूली के लिए समयसीमा तय की जाए। विभाग की ओर से तुरंत निर्देश भी जिला प्रशासन को भेजे हैं।

### कुछ खास मामले जिनमें फंसा खरीदारों का पैसा

ग्वालियर...एसीएस ने कलेक्टर को भेजा पत्र ग्वालियर निवासी संतोष कुमार बादल के पक्ष में 40 लाख 952 रुपए वसूल करके जिला प्रशासन को देना है। रेरा की आरआरसी जारी हुए 22 महीने हो गए, लेकिन बादल को पैसा नहीं मिला। वे कई बार सीएम हेल्प लाइन में भी आवेदन कर चुके लेकिन कुछ नहीं हुआ। हाल ही में 10 जुलाई को संतोष ने सीएम को पत्र लिख दिया।

### तीन लोगों के सवा करोड़ उलझे

जबलपुर जिले में दो बिल्डरों के द्वारा तीन खरीदारों के करीब सवा करोड़ रुपए रोके गए हैं। मप्र रेरा ने इनके लिए दो साल पहले रेवेन्यु रिकवरी सर्टिफिकेट जारी किया था। बिल्डरों की ओर से सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करने से भी रोका जा रहा है। तीनों लोग कलेक्टर से लेकर तहसीलदार तक को पत्र लिख चुके हैं, लेकिन न तो बिल्डर की संपत्ति कुर्क की गई है और न ही उन्हें रोका गया।

# शराबबंदी के बाद अब सड़कों किनारे धूम्रपान की दुकानें भी हो रहीं कम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

धार्मिक नगरी उज्जैन में शराबबंदी लागू होने के बाद अब सड़कों के किनारे संचालित धूम्रपान सामग्री की दुकानों की संख्या भी धीरे-धीरे कम होती दिखाई दे रही है। प्रदेश सरकार की मंशा नशा मुक्त वातावरण तैयार करने की है। इसके लिए जहां एक ओर नशे के दुष्परिणामों को लेकर गली-मोहल्लों, गांवों और चौराहों तक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर नशे के अवैध कारोबार और मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की जा रही है।

मध्यप्रदेश के 19 धार्मिक नगरों में निकाय और पंचायत सीमा के अंतर्गत पहले ही शराबबंदी लागू की जा चुकी है। इनमें उज्जैन भी शामिल है। धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व वाले इन नगरों में शराब की दुकानों को हटाए जाने के बाद अब सार्वजनिक स्थानों और प्रमुख सड़कों के किनारे धूम्रपान सामग्री बेचने वाली दुकानों की संख्या भी धीरे-धीरे कम हो रही है। इसे नशामुक्त समाज की दिशा में सकारात्मक बदलाव के रूप में देखा जा रहा है।



हालांकि नशे के बदलते स्वरूप ने नई चुनौती भी खड़ी कर दी है। युवाओं को प्रभावित करने वाले विभिन्न प्रकार के नशीले पदार्थ और उत्पाद बाजार में पहुंच रहे हैं। ऐसे में केवल शराबबंदी तक सीमित रहने के बजाय युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से जागरूक करना, परिवारों की भागीदारी बढ़ाना और समाज के स्तर पर सतत अभियान चलाना जरूरी है।

### बेहतर समन्वय

प्रदेश सरकार ने नशे के अवैध कारोबार और मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पड़ोसी राज्यों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित किया है। अंतरराज्यीय स्तर पर सूचनाओं के आदान-प्रदान और संयुक्त कार्रवाई के माध्यम से नशे के नेटवर्क पर सख्ती से नकेल कसने की रणनीति पर काम किया जा रहा है। सरकार की मंशा है कि युवाओं को नशे से दूर रखते हुए स्वस्थ और सकारात्मक सामाजिक वातावरण तैयार किया जाए। उज्जैन जैसे धार्मिक नगर में शराबबंदी के बाद धूम्रपान की दुकानों में आ रही कमी को भी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# पंजाबी युवक ने 280 की स्पीड में भगाई कार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जालंधर

कनाडा के कैलगिरी में पंजाबी युवक की रैश ड्राइविंग का एक वीडियो सामने आया है। युवक ने 280 की स्पीड में अपनी कार्वेट कार को ट्रैफिक भरे रोड पर भगाया। वीडियो में कार का स्पीडोमीटर भी दिखाया गया है। युवक ने कार के टायरों से धुआं निकालने का एक अन्य वीडियो भी शेयर किया है।

कनाडा के लोगों ने इस युवक का वीडियो एक्स (पूर्व ट्विटर) पर शेयर कर इसे डिपोर्ट करने और कार्रवाई करने की मांग की है। कार चला रहे युवक की पहचान जस सिंह के रूप में हुई है। युवक पंजाब में कहां का रहने वाला है, इसके बारे में पता नहीं लग पाया है।




### 6 साल बाद फिर लग सकती है यूपीआई फीस, 2020 में हटाया गया था एमडीआर शुल्क

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने डिजिटल पेमेंट से जुड़े कानूनों में संशोधन का प्रस्ताव दिया है। इससे भविष्य में यूपीआई पेमेंट पर एमडीआर यानी मर्चेंट डिस्काउंट रेट दोबारा लागू किया जा सकता है। वित्त मंत्रालय ने पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम्स एक्ट, 2007 की धारा 10अ को हटाने या उसमें संशोधन का प्रस्ताव दिया है। मनीकंट्रोल की रिपोर्ट के मुताबिक, वर्तमान में यह धारा बैंकों और पेमेंट कंपनियों को यूपीआई और अन्य डिजिटल पेमेंट मोड्स पर किसी भी प्रकार का शुल्क या चार्ज वसूलने से रोकती है। इस नियम में बदलाव के बाद सरकार को यह तय करने का कानूनी अधिकार मिल जाएगा कि किन डिजिटल पेमेंट मोड्स को फ्री रखना है और किन पर शुल्क की अनुमति देनी है।

### संसदीय कमेटी बोली- मार्क जुकरबर्ग पीएम मोदी से माफी मांगें

**नई दिल्ली।** कम्युनिकेशन और आईटी की संसदीय समिति के अध्यक्ष निशिकांत दुबे ने सोमवार को कहा कि पीएम मोदी का वीडियो हटाने के लिए मेटा सीईओ मार्क जुकरबर्ग को माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने बताया कि कमेटी ने पिछले महीने फेसबुक से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वीडियो हटाए जाने को गंभीरता से लिया है। इन कंपनियों की नीति नए लोगों को प्राथमिकता देने की है। अगर वे माफी नहीं मांगते तो आईटी एक्ट 79 के तहत मिलने वाला सेफ हार्बर प्रोटेक्शन वापस ले लिया जाएगा। दरअसल, पीएम मोदी ने 23 जुलाई को पेपर लीक को गंभीर विषय बताते हुए एक वीडियो जारी किया था। इसे मेटा ने रात 12:30 बजे से सुबह 5:00 बजे तक हटा दिया था।

### नंबर प्लेट छिपाने पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, धोखाधड़ी नहीं मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने वाहन की नंबर प्लेट छिपाने से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले में स्पष्ट किया है कि केवल नंबर प्लेट को ढकना अपने आप में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 420 के तहत धोखाधड़ी का अपराध नहीं बनता। न्यायालय ने कहा कि यदि किसी मामले में बेईमानी की नीयत, किसी व्यक्ति को धोखे में रखकर संपत्ति प्राप्त करने या नुकसान पहुंचाने जैसे आवश्यक तत्व मौजूद नहीं हैं, तो केवल नंबर प्लेट छिपाने के आधार पर धोखाधड़ी का मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। अदालत ने इस आधार पर आरोपी के खिलाफ दर्ज धोखाधड़ी का मामला रद्द कर दिया, जबकि मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई को यथावत रखा।

### कश्मीर में टारगेट किलिंग रोकने की तैयारी, प्रवासी मजदूरों के लिए क्लस्टर बनेंगे

**श्रीनगर।** कश्मीर के कुलगाम में 4 दिन पहले दो बाहरी मजदूरों की आतंकियों ने हत्या कर दी थी। इस हत्या के बाद जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने नई सुरक्षा रणनीति पर चर्चा तेज कर दी है। कश्मीर घाटी में इस वक्त करीब 4 लाख प्रवासी मजदूर रहते हैं। एलजी मनोज सिन्हा ने इनकी सुरक्षा को लेकर अहम बैठक की है। इसमें कुछ निर्देश तय हुए हैं। घाटी में जहां प्रवासी मजदूर बिखरे हैं, असुरक्षित जगहों पर रह रहे हैं, उन्हें एक ही जगह ठहराने के लिए क्लस्टर बनाए जाएं। बाहरी मजदूरों को अलग-अलग नहीं रहने दिया जाएगा। घाटी आने वाले हर नए मजदूर को पास के पुलिस स्टेशन में? जानकारी देनी होगी। जहां नया मजदूर रहेगा, पुलिस उस इलाके का सिक्योरिटी वैरिफिकेशन करेगी। उसके बाद मजदूर को वहां रुकने दिया जाएगा।

### अमेरिका के 25 राज्य ट्रम्प के टैरिफ के खिलाफ कोर्ट पहुंचे

**वाशिंगटन।** अमेरिका के 25 डेमोक्रेटिक पार्टी शासित राज्यों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नए टैरिफ फैसले को अदालत में चुनौती दी है। राज्यों ने अमेरिकी कोर्ट ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड में याचिका दाखिल कर इन टैरिफ को अवैध घोषित करने की मांग की है। फैसले के तहत ट्रम्प ने 60 अर्थव्यवस्थाओं पर नए टैरिफ लगाए गए हैं। ये 60 देश अमेरिकी आयात का 99.4 फीसदी हिस्सा हैं। याचिका में कहा गया है कि इस कदम से देश में महंगाई बढ़ जाएगी। पिछले महीने अमेरिका ने जबरन मजदूरी (फोर्स्ड लेबर) के मुद्दे पर 60 देशों पर 10 फीसदी से 12.5 फीसदी के बीच नए टैरिफ लगाए थे। भारत समेत 17 देशों पर 10 फीसदी की दर से टैरिफ लगाया गया है।

### इथियोपिया में भूस्खलन से 14 की मौत, पवित्र जल लेने थे पहुंचे थे लोग

**अम्हारा।** इथियोपिया के अम्हारा इलाके में भारी बारिश के कारण सोमवार को हुए भूस्खलन में 14 लोगों की मौत हो गई और 7 अन्य घायल हो गए। कई लोग अभी भी लापता हैं। यह भूस्खलन त्सदकाने डेब्रे मिटमाक सेंट मैरी मठ में हुआ, जहां सैकड़ों श्रद्धालु पवित्र जल से शुद्धि की रस्म के लिए जमा हुए थे। डायोसिस के जनरल मैनेजर मेगाबे हादिस नेका तिबेब अबाबू ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया- मरने वालों में से कई लोग पवित्र जल लेने के लिए जमा हुए थे। मरने वालों में से 11 लोगों को मठ में ही दफना दिया गया है, जबकि बाकी लोगों के शव उनके घर दिए गए हैं।

## खबर एक नजर...

### साईं मंदिर परिसर में ललिता त्रिपुरा सुंदरी पूजा के साथ हुआ शिव अभिषेक

**उज्जैन।** अलखधाम नगर स्थित साईं बाबा मंदिर परिसर के महालक्ष्मी मंदिर में 21 दिवसीय ललिता त्रिपुरा सुंदरी पूजा और महालक्ष्मी अष्टोत्तर शतनाम अर्चन पूजा आयोजित की गई। इसके साथ ही सावन माह के सोमवार पर शिव मंदिर में अभिषेक पूजन कर श्रद्धालुओं को फरियाली खिचड़ी बांटी गई। यह विशेष पूजन पंडित आचार्य रमेश शर्मा शास्त्री, कविन्द्र भारद्वाज और राघवेन्द्र जोशी द्वारा संपन्न कराया गया। साईं मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र मालवीय और मंदिर के व्यवस्थापक सत्यनारायण शर्मा दद्दू ने बताया कि सावन माह के हर सोमवार को सुबह 9 बजे फरियाली खिचड़ी का वितरण किया जाएगा। वहीं दोपहर 1 बजे से शिव मंदिर में अभिषेक पूजन होगा। समिति ने धर्मप्रेमी जनता से इन धार्मिक कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### पूर्व मंत्री पारस जैन के निधन पर ऑटो डील एसोसिएशन ने दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**उज्जैन।** पूर्व मंत्री एवं जननेता पारस जैन के निधन पर शहर में शोक संवेदनाओं का दौर जारी है। उज्जैन ऑटो डील एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने दिवंगत नेता के निवास पर पहुंचकर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। एसोसिएशन के अध्यक्ष श्याम एस झालानी और सचिव इकरार शेख के नेतृत्व में सदस्यों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए जननेता के रूप में उनके योगदान को याद किया। इस दुखद अवसर पर एसोसिएशन के राजेश अग्रवाल, कमल गोयल, सुरेंद्र शर्मा, विकास झालानी, कमल यादव, रूपनारायण डोडिया, राजकुमार बजाज, धर्मेंद्र चौहान, मोहम्मद जावेद, सुनील नानवानी सहित कई सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### आम कार्यकर्ताओं में गहरी पैठ रखने वाले सहज नेता थे पारस जैन

**उज्जैन।** हुकमचंद कछवाय (पूर्व सांसद) मेमोरियल ट्रस्ट परिवार ने भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व कैबिनेट मंत्री और उज्जैन उत्तर के पूर्व विधायक स्वर्गीय पारस चंद्र जैन को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। ट्रस्ट के अध्यक्ष और पूर्व भाजपा ग्रामीण उपाध्यक्ष नरेंद्र कछवाय ने स्वर्गीय जैन को याद करते हुए कहा कि वे पार्टी के एक जिम्मेदार नेता होने के साथ-साथ खुद को हमेशा एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में देखते थे। पार्टी के आम कार्यकर्ताओं के बीच उनकी हमेशा से मजबूत पकड़ रही।

### पदोन्नत कृषि विकास अधिकारियों का हुआ सम्मान, मुख्यमंत्री का माना आभार

**उज्जैन।** जिले में कृषि विकास अधिकारी के पद पर पदोन्नत हुए अधिकारियों का मंगलनाथ मंदिर स्थित ओंकार रेस्टोरेंट में सम्मान किया गया। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश संगठन मंत्री एवं कृषि विस्तार अधिकारी संघ के संरक्षक मनोहर गिरी ने सभी अधिकारियों को महाकाल का दुपट्टा भेंट कर शुभकामनाएं दीं। कृषि विभाग में प्रदेश स्तर पर पदोन्नति आदेश जारी होने पर अधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, कृषि संचालक और किसान कल्याण तथा कृषि विकास सचिव का धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही पदोन्नति प्रक्रिया में कृषि संचालनालय स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सभी पदोन्नत अधिकारियों ने मनोहर गिरी का भी महाकाल की तस्वीर, दुपट्टा और पुष्पमाला से स्वागत कर आभार जताया। कार्यक्रम में संघ के पूर्व कोषाध्यक्ष अविनाश गुजराती विशेष रूप से उपस्थित थे।

### धन्वंतरि आयुर्वेद में आज लगेगा बीएमडी जांच शिविर

**उज्जैन।** फ्रीगंज स्थित धन्वंतरि आयुर्वेद में मंगलवार 4 अगस्त को हड्डियों की मजबूती जांचने के लिए बीएमडी टेस्ट शिविर का आयोजन किया जाएगा। कुशाभाऊ ठाकरे कॉम्प्लेक्स में सुबह 11 से दोपहर 4 बजे तक चलने वाले इस शिविर में ऑस्टियोपोरोसिस के जोखिम और कैल्शियम की कमी की जांच कर विशेषज्ञ परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा। शिविर में अनुभवी आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. राजेश जोशी, डॉ. विनोद बैरागी और डॉ. प्रियंका यादव मरीजों की जांच कर उचित मार्गदर्शन देंगे। बीएमडी जांच से हड्डियों की स्थिति का प्रारंभिक आकलन कर समय रहते बचाव और उपचार में मदद मिलती है।

### गुमानदेव हनुमान गढ़ी में आज सजेगी शास्त्रीय संगीत की महफिल

**उज्जैन।** पिपलीनाका रोड स्थित विश्व के एकमात्र अष्ट चिरंजीवी मंदिर गुमानदेव हनुमान गढ़ी में आज मंगलवार रात 8 बजे से शास्त्रीय संगीत का विशेष आयोजन होगा। यह कार्यक्रम ब्रह्मलीन ज्योतिषाचार्य एवं पंचांगकर्ता पं. श्यामनारायण व्यास की स्मृति में चल रहे श्री श्याम श्रावण महोत्सव के तहत रखा गया है।

आयोजक ज्योतिषाचार्य पं. चंदन श्यामनारायण व्यास ने बताया कि इस संगीत संध्या में ख्यात वायलिन वादक अब्दुल हामिद लतीफ अपनी विशेष प्रस्तुति देंगे। उनके साथ सारंगी वादक सैय्यद अरशद और तबला वादक विनायक शर्मा अपनी कला से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे।

# प्रदेश पुलिस हाईटेक फिक्स विंग ड्रोन से लेस हुई, उज्जैन में डेमो देखा

## उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ मेले की सुरक्षा व्यवस्था में भी महत्वपूर्ण उपयोग होगा

### उज्जैन, भोपाल, इंदौर में बनेंगे इनके लिए कंट्रोल स्टेशन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



मध्य प्रदेश पुलिस की निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था अब नई तकनीक से और मजबूत होने जा रही है। पुलिस को पहली बार 100 किलोमीटर तक उड़ान भरने में सक्षम तीन हाईटेक फिक्स्ड विंग ड्रोन मिले हैं। ये बियॉन्ड विजुअल लाइन ऑफ साइट तकनीक से लैस हैं, यानी इन्हें ऑपरेटर की आंखों की सीधी पहुंच से बाहर भी लंबी दूरी तक नियंत्रित किया जा सकता है। करीब साढ़े तीन करोड़ रुपये लागत वाले इन तीनों ड्रोन का उपयोग वीआईपी मूवमेंट, भीड़ प्रबंधन, रियल टाइम सर्विलांस, सर्च ऑपरेशन और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने में किया जाएगा। इधर उज्जैन में भी सिंहस्थ के लिए ड्रोन का डेमो लिया गया है। पुलिस मुख्यालय को मिले इन ड्रोन के संचालन के लिए भोपाल, इंदौर और उज्जैन में अलग-अलग ग्राउंड कंट्रोल स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं। प्रत्येक स्टेशन से लगभग 100 किलोमीटर के दायरे में ड्रोन संचालित किए जा सकेंगे। इससे किसी एक शहर में बैठा ऑपरेटर दूसरे जिले में भी ड्रोन के जरिए निगरानी कर

### सिंहस्थ जैसे आयोजन पर रहेगी आसमान से नजर

उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ मेले की सुरक्षा व्यवस्था में भी इनका महत्वपूर्ण उपयोग होगा। इनकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि ये दिन और रात दोनों समय लगातार छह घंटे तक उड़ान भर सकते हैं। उड़ान के दौरान हाई-रिजॉल्यूशन फोटो, वीडियो और अन्य डेटा सीधे कंट्रोल स्टेशन तक पहुंचाते हैं। तकनीकी रूप से ये इतने सक्षम हैं कि उड़ान के दौरान यदि कोई तार, पेड़ या अन्य बाधा सामने आती है तो बिना ऑपरेटर के हस्तक्षेप के स्वयं रास्ता बदल लेते हैं। ड्रोन का उपयोग सीमावर्ती क्षेत्रों की निगरानी, अपराधियों की तलाश, आपदा प्रबंधन और बड़े आयोजनों की सुरक्षा में भी किया जाएगा।

## वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ ने महाप्रबंधक रामाश्रय पांडे का किया स्वागत, सौंपा ज्ञापन

# कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर मंडल मंत्री अभिलाष नागर ने जीएम से की सीधी चर्चा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ रतलाम मंडल द्वारा पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री रामाश्रय पांडे जी के उज्जैन आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ के मंडल मंत्री अभिलाष नागर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने महाप्रबंधक को रेल कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपते हुए मंडल मंत्री श्री अभिलाष नागर ने महाप्रबंधक महोदय का ध्यान कर्मचारियों के महत्वपूर्ण मुद्दों की ओर आकर्षित किया और उनके शीघ्र निराकरण का आग्रह किया।

पालनपुर में अस्थायी रूप से स्थानांतरित किए गए लोको पायलटों को पुनः रतलाम मंडल में स्थानांतरित करने का निवेदन किया गया। पश्चिम रेलवे में विभागीय पदोन्नति परीक्षाओं के शीघ्र आयोजन तथा सेफ्टी कैटेगरी (सुरक्षा श्रेणी) के रिक्त पदों को शीघ्र भरने हेतु महाप्रबंधक महोदय से विस्तृत चर्चा की गई। उज्जैन स्थित रेलवे हेल्थ यूनिट का उप-मंडलीय चिकित्सालय के रूप में विस्तार करने की मांग की गई।

रेल कर्मचारियों के लिए नए रेल आवासों के निर्माण कार्य को प्राथमिकता देने का विषय रखा गया। मंडल में कार्यरत पॉइंटमैन की ड्यूटी का रोस्टर 12 घंटे से घटाकर 8 घंटे करने का आग्रह किया गया। रेलवे ट्रैक की नाइट पेट्रोलिंग (रात की गश्त) की बीट काफी लंबी होने के कारण ट्रैक मेन्टेनर कर्मचारियों को आ रही कठिनाइयों से अवगत कराया गया और बीट के किलोमीटर की दूरी अधिकतम 12 किमी तक करने की मांग रखी गई।

रतलाम मंडल में जारी लोकल ट्रांसफर पॉलिसी में वेरेमस द्वारा दिए गए सुझावों को तत्काल लागू करने, तथा पश्चिम रेलवे के अन्य मंडलों से रतलाम मंडल में स्थानांतरण हेतु कर्मचारियों को स्वीकृति प्रदान कर शीघ्र कार्यमुक्त करने की मांग की गई। मुख्य इंजीनियर चर्चगेट द्वारा लिपिकीय संवर्ग को जूनियर इंजीनियर के पदों में पुनर्वितरित करने के प्रस्ताव का विरोध दर्ज कराया गया। संघ ने ध्यान दिलाया कि कार्यालय अधीक्षक (डर) के पद पहले से ही काफी संख्या में रिक्त हैं, जिन पर निचले कर्मचारियों की पदोन्नति लंबित है। अतः इन पदों को परिवर्तित न किया जाए। इस अवसर मंडल रेल प्रबंधक रतलाम अश्विनी कुमार सहित संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से चैतन्य चौधरी (संयुक्त मंडल मंत्री एवं शाखा सचिव) जी.आर. जरिया,अविनाश श्रीवास श्रीमती ऊषा खिची , रणजीत सिंह अक्षय चौधरी,अखिलेश परिहार, सिद्धिक नागौरी अशोक टंडन, किशोर सिंह एवं अन्य साथी उपस्थित थे।

### 18 से मक्सी रोड पर गूंजेगी शिव महापुराण की महिमा, संजय पंवार संस्था अध्यक्ष निर्वाचित

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

संस्था शंखनाद समिति द्वारा श्रावण महोत्सव के तहत 18 से 24 अगस्त तक शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। सेठी नगर स्थित होटल श्रीनाथ में रविवार को आयोजित बैठक में आयोजन की रूपरेखा तय की गई। बैठक में सर्वसम्मति से संजय पंवार को संस्था का अध्यक्ष और लोकेन्द्र सिंह गौड़ को कोषाध्यक्ष चुना गया। कोषाध्यक्ष लोकेन्द्र सिंह गौड़ ने बताया कि कथा मक्सी रोड पवांसा स्थित शीतल स्कूल के पास श्रीराम विजय वाटिका में होगी। ज्योतिषाचार्य पंडित अजय शंकर तिवारी के मुखारविंद से श्रद्धालु कथा श्रवण करेंगे। आयोजन के तहत 25 अगस्त को पवांसा, पांड्याखेड़ी और नीमनवासा क्षेत्र की संयुक्त विशाल शोभायात्रा व कलश यात्रा निकाली जाएगी। आयोजन को सफल बनाने और अधिकाधिक संख्या में मातृशक्ति को जोड़ने के लिए एक समिति का गठन भी किया गया है। बैठक में उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने आयोजन को भव्य बनाने के लिए अपने विचार रखे और सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक में पवांसा से वार्ड 40 पार्षद सतीश राठौर और वार्ड 42 पार्षद बालकृष्ण पटेल सहित आनंद सिंह खींची, जितेन्द्र त्रिवेदी, समंदर सिंह अटल, संतोष सिंह गौड़, अनूप सिंह अटल, भागीरथ सिंह गौड़, विजय गोस्वामी, दीप सिंह अटल, जगदीश सिंह अटल, अमित पंड्या, सुरेश चौधरी, इन्द्रमणि राजपूत, महेन्द्र व्यास, राकेश गुप्ता, राजेन्द्र शर्मा एवं किशोर मरमट उपस्थित थे।

# आज त्रिवेणी के शनि मंदिर से निकलेगी भव्य 'समर्पण कावड़ यात्रा'

### संत-महंतों के सानिध्य में पूजन के बाद रवाना होंगे हजारों श्रद्धालु; महाकाल मंदिर पहुंचकर करेंगे जलाभिषेक

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



धार्मिक एवं आध्यात्मिक नगरी उज्जैन में आज 4 अगस्त मंगलवार को आस्था और भक्ति का एक अनूठा संगम देखने को मिलेगा। श्री नवग्रह शनि मंदिर त्रिवेणी घाट से मोक्षदायिनी मां शिप्रा का पवित्र जल लेकर हजारों महिला व पुरुष कावड़ यात्री भगवान श्री महाकालेश्वर का जलाभिषेक करने के लिए रवाना होंगे। समर्पण कावड़ यात्रा के संयोजक एवं समाजसेवी श्री नारायण यादव ने बताया कि प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी 4 अगस्त, मंगलवार को सुबह 9 बजे इंदौर रोड स्थित श्री नवग्रह शनि मंदिर, त्रिवेणी घाट से कावड़ यात्रा का शुभारंभ होगा।

यात्रा के प्रस्थान से पूर्व शनि मंदिर परिसर में पूज्य संतों एवं वरिष्ठ जनों की गरिमामयी उपस्थिति में कावड़ का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया जाएगा। इस दौरान महंत डॉ. रामेश्वर दास जी महाराज, संत श्री नंदन जी महाराज, महंत श्री विनीत गिरी जी महाराज, महंत श्री धर्मेंद्र गिरी जी महाराज, महंत श्री महावीर नाथ जी महाराज तथा महंत श्री काशी दास जी महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहकर पूजन संपन्न कराएंगे।

त्रिवेणी घाट से पूजन-दर्शन के उपरांत कावड़ यात्रा श्री नवग्रह शनि मंदिर (त्रिवेणी घाट, इंदौर रोड), नानाखेड़ा चौराहा, मुनीम नगर दो तालाब, संतराम सिंधी कॉलोनी चौराहा, शास्त्री नगर, नीलगंगा चौराहा, हरि फाटक ओवरब्रिज से होकर श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंच कर भगवान महाकाल का जलाभिषेक करेंगे। यात्रा के दौरान शहर में जगह-जगह मंच बनाकर श्रद्धालुओं और कावड़ियों का भव्य स्वागत किया जाएगा। समर्पण कावड़ यात्रा में उज्जैन शहर के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी हजारों की संख्या में पुरुष एवं महिला श्रद्धालु भाग लेंगे। इसके अलावा कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक भी यात्रा में शामिल होकर धर्म लाभ लेंगे। संयोजक नारायण यादव ने समस्त धर्मप्राण जनता से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस भव्य कावड़ यात्रा में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करें।

## पारम्परिक लाठी खेल संघ की छठी प्रतियोगिता में चार विधाओं में हुआ कड़ा मुकाबला

# लाठी खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया कौशल

### नागदा और बड़नगर सहित कई तहसीलों के खिलाड़ी हुए शामिल

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन




पारम्परिक लाठी खेल संघ उज्जैन द्वारा छठी जिलास्तरीय पारम्परिक लाठी खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस स्पर्धा में जिलेभर के 128 खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह के साथ अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 57 स्वर्ण, 62 रजत और 69 कांस्य पदक अपने नाम किए।

लाठी खेल संघ की जिला उपाध्यक्ष मीनाक्षी चौहान ने बताया कि प्रतियोगिता में आयु और वजन के आधार पर खिलाड़ियों के बीच मुकाबले हुए। खिलाड़ियों ने चार विधाओं - एक लाठी, दो लाठी, पट्टेबाजी और लाठी युद्ध में अपना दमखम दिखाया। स्पर्धा में उज्जैन शहर के अलावा नागदा, बड़नगर, खाचरौद, नलवा और घटिया खोसला के खिलाड़ियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें शहर, प्रदेश और देश का नाम रोशन करने का आशीर्वाद दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विक्रमादित्य नगर संपर्क प्रमुख मनीष अग्रवाल ने की। इस दौरान नगर व्यवस्थापक प्रमुख शाश्वत पांचाल, नगर गतिविधि संयोजक मनोज गरवाल, टेबल टेनिस एसोसिएशन के उपाध्यक्ष व रेलवे के मुख्य सलाहकार राजेश शर्मा, पारम्परिक लाठी खेल संघ भारत की रेफरी कमीशन सचिव रजनी नरवरिया, किकबॉक्सिंग एसोसिएशन उज्जैन जिला सचिव रवि यादव, सहसचिव आकाश वाडेकर और कोच आयुषी गोसार विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

इन खिलाड़ियों ने जीते पदक

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में नामिश पवार, समरजीत सिसोदिया, यशिका चौहान, गोईश चौरसिया, इशिका बैस, देव बैस, मानस सूर्यवंशी, ऋषिराज सोलंकी, तत्सत दुबे, युवराज चावड़ा, आरोही मंडलोई, धृति दुबे, हिमांगी लश्करी, अनुष्का दीक्षित, हर्षिता तंवर, ईशानी गोर, शिवांश गोर, प्रयुक्ता पराशर, प्रशवी नामदेव, हर्षिता किनारिवाले, अभिराम तिवारी, पृथ्वी चौधरी, निष्ठा चौहान, ऋतु शर्मा, टीना सिसोदिया, राधिका मिमरोट, उन्नति सोनी, मुनीरा छावनीवाला, कनिष्का जायसवाल, थिया मंत्री, खुशहाल जैन, मृध्वि जैन, रश्मि सिंह, भव्यांश गोर, खुशबू पवार, परी गोविंदानी, मुस्कान लोधी, सानिध्य माहेश्वरी, देवेशि चौहान, समृद्धि चित्तोड़ा, सिया मोरे, देवर्ष मोरे, शिवाय सिंह झाला, आरुष डाबर, ईशान सोनी, आंजनेय सोनी, जीवांश तिवारी, सृष्टि कोल, अथर्व, रुद्राक्ष, जियांशी शर्मा और तन्मय सोलंकी शामिल हैं।

## जन-समस्याओं को लेकर सड़क पर उतरेगी कांग्रेस

# बड़नगर में 5 अगस्त को महाआंदोलन और स्वैच्छिक बंद

ब्रह्मास्त्र ›› बड़नगर



बड़नगर विधानसभा क्षेत्र में व्याप्त भारी जन-समस्याओं, प्रशासनिक लापरवाही और बुनियादी सुविधाओं के अभाव को लेकर कांग्रेस ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। सरकार और स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली के विरोध में 5 अगस्त 2026 (बुधवार) को बड़नगर शहर में पूर्ण स्वैच्छिक बंद का आह्वान किया गया है।

पूर्व विधायक मुरली मोरवाल के नेतृत्व में होने वाले इस विशाल 'जन आक्रोश' आंदोलन में बुधवार प्रातः 7 बजे से बड़नगर में पूर्ण स्वैच्छिक बंद रहेगा व दोपहर 2 बजे गांधी चौक पर धरना किया जाएगा। प्रदर्शन के पश्चात अनुविभागीय अधिकारी , कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग और नगरपालिका सहित विभिन्न विभागीय अधिकारियों को 68 सूत्रीय मांगों का 'जन आक्रोश' पत्र जिसमें बड़नगर शहर और ग्रामीण अंचलों की दुर्दशा का विस्तृत ब्यौरा दिया गया है अधिकारी गण को सौंपा जाकर समस्याओं को दूर करने का निवेदन किया जावेगा कांग्रेस का आरोप है कि 'जल जीवन मिशन' और 'प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना' में भारी भ्रष्टाचार हुआ है। शहर की बदहाल यातायात व्यवस्था, कॉलोनियों में बारिश का जलभराव, रुके हुए विकास कार्य और सरकारी कार्यालयों में आम जनता की सुनवाई न होना, प्रधानमंत्री फसल बीमा की रुकी हुई राशि का तत्काल भुगतान किया जाए। मंडियों में तौल की अनियमितताएं रोकी जाएं, पर्याप्त खाद उपलब्ध कराई जाए और कृषि कार्यों के लिए किसानों को दिन में बिजली दी जाए।, दर्जनों गांवों (जैसे पीरझालर, भैंसलाकलां, खड़ोतिया, रुनीजा, जाफला आदि) की जर्जर सड़कों, उखड़ी पाइपलाइनों और टूटी पुलियाओं का तत्काल नवनिर्माण हो। ठेकेदारों की लापरवाही की जांच हो।, नगर में शुद्ध पेयजल का संकट खत्म हो, नियमित साफ-सफाई और मच्छरों के लिए फॉगिंग कराई जाए।

अघोषित बिजली कटौती व भारी-भरकम बिलों से जनता को निजात दिलाई जाए। साथ ही, सरकारी दस्तावेजों और नामांतरण से जुड़े अटके कामों को तुरंत पूरा किया जाए। बेरोजगारी दूर करने के लिए उद्योग स्थापित हों और नशे पर लगाम लगे। ठएएल परीक्षा घोटाले की निष्पक्ष जांच व दोषियों पर कार्रवाई हो (जिसके लिए गृह मंत्री से माफी की मांग की गई है)। इसके अतिरिक्त अयोध्या राम मंदिर चंदा चोरी मामले की जांच की भी मांग उठाई गई है।, शासकीय अस्पतालों में डॉक्टरों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित हो। गरीब व पात्र लोगों को 'पीएम आवास योजना', 'स्वनिधि योजना', और 'वृद्धावस्था पेंशन' का सीधा लाभ दिलवाने की मांग इस आंदोलन के मुख्य रुप से रखी गई है । बड़नगर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारि निलेश शर्मा, वनिषराज कटारिया, मुस्ताक खान, भारत चौधरी, मांगूसिंह राठौर, दिनेश पटेल, भानुप्रतापसिंह राठौर, विशाल जाट, संदीप बैरागी, प्रवीण वड़छा, राहुल सोलंकी, सुरेंद्रसिंह पंवार, अकलाख शेख, इकबाल पटेल, शरीफ शाह, जगमोहन यादव, निर्मल जाट, हीरालाल चौधरी, जितेन्द्र जाट, बालाराम कुंडलेवती एवं कांग्रेस समर्पित जनपद सदस्यगण, सरपंचगण, पार्षदगण ने अपील की है कि जनहित के इन ज्वलंत मुद्दों के समाधान के लिए आमजन स्वैच्छा से अपने प्रतिष्ठान बंद रखें।

# औषधीय पौधों में छिपा है स्वस्थ जीवन का रहस्य- जेपी चतुर्वेदी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन में आईक्यूएसी के तत्वावधान में वनस्पतिशास्त्र विभाग द्वारा परंपरागत ज्ञान से आधुनिक औषधि तक : औषधीय पौधों की भूमिका विषय पर आयोजित अतिथि व्याख्यान में विद्यार्थियों को भारतीय पारंपरिक ज्ञान, औषधीय पौधों एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रकृति की पूजा तथा अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पर्यावरणविद् श्री जे. पी. चतुर्वेदी ने कहा कि जैव विविधता का संरक्षण मानव अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि औषधीय पौधे केवल रोगों के उपचार का माध्यम ही नहीं, बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। छोटी छोटी कहानियों के माध्यम से उन्होंने प्रकृति और उसके द्वारा सृजन व संतुलन पर अपनी बात रखते हुए विद्यार्थियों से प्रकृति संरक्षण को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

विशिष्ट वक्ता पर्यावरणविद् श्री केशव प्रसाद त्रिपाठी ने विभिन्न औषधीय पौधों के औषधीय गुणों की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि तुलसी, गिलोय, पाखर, गूलर, बरगद , पीपल,अश्वगंधा, नीम, आँवला, एलोवेरा सहित अनेक पौधे विभिन्न रोगों की रोकथाम एवं उपचार में प्रभावी सिद्ध हुए हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरागत चिकित्सा ज्ञान आज आधुनिक विज्ञान के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन रहा है।उन्होंने उन्होंने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अपनी माँ को स्वस्थ रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पीपल का वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए साथ ही उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति अपने जीवन में नीम का पेड़ लगाता है वह कभी बेरोजगार नहीं रहता है।

दैनिक ब्रह्मास्त्र

एकमप्यक्षरं यस्तु गुरुः शिष्ये निवेदयेत्।
पृथिव्यां नास्ति तद् द्रव्यं यद्दत्वा ह्यनृणी भवेत्॥

**अर्थः** गुरु शिष्य को जो एखाद अक्षर भी कहे, तो उसके बदले में पृथ्वी का ऐसा कोई धन नहीं, जो देकर गुरु के ऋण में से मुक्त हो सकें।

## खबर एक नजर...

### दतिया उपचुनाव में कांग्रेस की जीत पर इंदौर में जश्न

**इंदौर।** दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह की जीत का जश्न इंदौर में भी देखने को मिला। भाजपा उम्मीदवार आशुतोष तिवारी को हराने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर में ढोल-नगाड़ों की धुन पर नाच-गाकर खुशी मनाई। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और आम लोगों के बीच भी मिठाइयां बांटी। कार्यकर्ताओं ने कहा कि दतिया की जनता ने कांग्रेस की नीतियों, संगठन और जनहित के मुद्दों पर भरोसा जताया है। उनके अनुसार, यह सिर्फ एक विधानसभा सीट की जीत नहीं, बल्कि प्रदेश की राजनीति के लिए भी महत्वपूर्ण संदेश है। जश्न के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश नेतृत्व के समर्थन में नारे लगाए और दतिया की जनता का आभार व्यक्त किया। कई स्थानों पर राहगीरों और स्थानीय लोगों को भी मिठाई खिलाकर जीत की खुशी साझा की गई। कांग्रेस नेता अमन बजाज ने कहा कि इस जीत से पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है और आगामी चुनावों के लिए संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने कहा कि जनता अब विकास, जनहित और जवाबदेही की राजनीति को प्राथमिकता दे रही है।

### बुजुर्गों की पिटाई वाले आश्रम पर बुलडोजर चला

**इंदौर।** इंदौर के महाराणा प्रताप नगर स्थित प्रेमाश्रय वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ मारपीट का वीडियो सामने आने के बाद सोमवार को पूरे आश्रम को जमींदोज कर दिया गया। सुबह करीब 10 बजे जिला प्रशासन और नगर निगम की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। पहले आश्रम का पूरा सामान बाहर निकलवाया गया, इसके बाद जेसीबी और बुलडोजर की मदद से अवैध निर्माण को जमींदोज कर दिया गया। कार्रवाई एसडीएम निधि वर्मा के नेतृत्व में की गई। मौके पर प्रशासनिक अधिकारियों और नगर निगम की टीम की मौजूदगी में पूरे परिसर को खाली कराया गया और अवैध कब्जे को हटाया गया। हाल ही में प्रेमाश्रय वृद्धाश्रम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें एक नाबालिग बुजुर्गों की डंडे से बेरहमी से पिटाई करता दिखाई दिया। वीडियो सामने आने के बाद मामला तूल पकड़ गया। कलेक्टर शिवम वर्मा ने तत्काल संज्ञान लेते हुए वृद्धाश्रम को खाली कराने के निर्देश दिए थे। वहां रह रहे बुजुर्गों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया था।

### महू के मध्यभारत अस्पताल में गिरा छज्जा, बाल-बाल बचा नीचे बैठा मासूम

**महू।** महू के प्रमुख सरकारी अस्पताल 'मध्य भारत अस्पताल' में सोमवार सुबह करीब 11:30 बजे अचानक छज्जा भरभराकर नीचे गिर गया। हादसे के वक्त छज्जे के ठीक नीचे एक बच्चा बैठा हुआ था, जो घटना की चपेट में आने से बाल-बाल बच गया। हादसे में किसी भी मरीज या परिजन के घायल होने की खबर नहीं है। स्थानीय लोगों ने बताया कि अस्पताल परिसर में छज्जा गिरने की तेज आवाज होते ही मरीजों और उनके परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। लोग घबराकर मौके की ओर दौड़े। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बच्चा कुछ समय पहले से वहीं बैठा हुआ था, अगर वह वहीं रहता तो बड़ा हादसा हो सकता था। मामले में अस्पताल प्रभारी मधुकर शुक्ला का कहना है बिल्डिंग पुरानी हो चुकी है जिसके कारण छज्जा गिरा है। वरिष्ठ अधिकारियों को मामले की जानकारी दे दी गई है।

### महू से पिगडंबर के लिए निकले हजारों कावड़िए

**महू।** सावन के सोमवार पर श्री मंडल रामायण मंडल द्वारा आयोजित 18वीं कांवड़ यात्रा महू से पिगडंबर स्थित शिव मंदिर के लिए रवाना हुई। इस यात्रा में हजारों की संख्या में शिवभक्त शामिल हुए, जिससे पूरा मार्ग भगवामय हो गया। कांवड़िए जानापाव तीर्थ से सात नदियों का जल लेकर महू पहुंचे थे। जानापाव से शुरू हुई इस यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने सबसे पहले जनकेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया। इसके बाद भगवान परशुराम का पूजन कर संतों से आशीर्वाद प्राप्त किया। यात्रा में डमरू की धुन और हर-हर महादेव के जयघोष गूंजते रहे। आयोजक मनोज ठाकुर और बिट्टू ठाकुर की मौजूदगी में निकली यात्रा का मार्ग में विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। जानापाव से जल लेकर निकली यह यात्रा पिगडंबर पहुंचकर भगवान शिव के जलाभिषेक के साथ संपन्न होगी।

### इंदौर के होटल में महिला ने की आत्महत्या

**इंदौर।** खजराना क्षेत्र स्थित एक होटल के कमरे में महिला ने आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेज दिया। मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। महिला का पोस्टमार्टम सोमवार को कराया जाएगा। खजराना पुलिस के मुताबिक, रेडिसन होटल के सामने स्थित व्यू होटल के एक कमरे में रविवार दोपहर 26 वर्षीय ताहिरा का शव मिला। ताहिरा मूल रूप से खंडवा की रहने वाली थी। उसके एक बेटा और एक बेटी हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, वह माइग्रेन (सिरदर्द) और अन्य स्वास्थ्य संबंधी उपचार के लिए इंदौर आई थी। पुलिस को कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हो सका है।

---

दोस्त और महिला ने कराई शादी, पुलिस ने बड़नगर से किया बरामद, पांच गिरफ्तार

# इंदौर में 15 वर्षीय किशोरी को 3 लाख रुपये में बेचा

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर की बाणगंगा थाना पुलिस ने 15 वर्षीय लापता किशोरी को उज्जैन जिले के बड़नगर से बरामद किया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि किशोरी के दोस्त और एक महिला ने उसे 3 लाख रुपए में बड़नगर निवासी युवक को बेच दिया था। पुलिस ने मामले में किशोरी के दोस्त सहित पांच लोगों को हिरासत में लिया है। अधिकारियों का कहना है कि पूछताछ जारी है और जल्द पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

**गुमशुदगी दर्ज होने के बाद शुरू हुई जांच-** टीआई सियाराम गुर्जर के अनुसार करीब 15 दिन पहले किशोरी के परिजनों ने बाणगंगा थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। जांच के दौरान पुलिस ने किशोरी के दोस्त राकेश यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में उसने बताया कि सोनू बंजारा नामक महिला की मदद से किशोरी को बड़नगर निवासी संजय पाटीदार के पास भेजा गया, जहां दोनों की शादी भी करा दी गई थी। इसके बाद पुलिस ने बड़नगर पहुंचकर किशोरी को बरामद कर लिया।



### पैसे देने और साजिश रचने का आरोप

पुलिस रविवार रात किशोरी को थाने लेकर पहुंची और पूछताछ की। किशोरी ने बताया कि उसे भी इस सौदे की रकम में से कुछ पैसे दिए गए थे। आरोप है कि उसे यह भी समझाया गया था कि शादी के करीब एक सप्ताह बाद वह इंदौर लौट आए और संजय पाटीदार के घर से नकदी एवं सोने-चांदी के जेवर लेकर भाग आए। इसके बाद सामान और रकम का आपस में बंटवारा करने की योजना थी।

### रेप केस में फंसाने की भी दी थी सलाह

जांच में यह भी सामने आया कि किशोरी को कथित तौर पर यह सलाह दी गई थी कि यदि संजय पाटीदार किसी तरह का विवाद करे, तो उसके खिलाफ बाणगंगा थाने में दुष्कर्म का मामला दर्ज करा देना।

### पांच लोग हिरासत में

पुलिस ने फिलहाल किशोरी, उसके दोस्त समेत कुल पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मामले में मानव तस्करी, नाबालिग से जुड़े अपराध और अन्य धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद पूरे मामले का विस्तृत खुलासा किया जाएगा।

---

पार्सल ट्रैक करने के नाम पर भेजा लिंक, वीडियो कॉल के दौरान खाते से निकाले पैसे

# रिटायर्ड बैंक अधिकारी से 1.20 लाख रुपए की ठगी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के कनाड़िया क्षेत्र में रहने वाले स्टेट बैंक के सेवानिवृत्त अधिकारी साइबर ठगी का शिकार हो गए। बदमाशों ने डीटीडीसी (डीटीडीसी) कूरियर का पार्सल ट्रैक कराने के नाम पर फर्जी लिंक भेजकर उनके खाते से 1 लाख 20 हजार रुपए निकाल लिए। मामले में कनाड़िया थाना पुलिस ने रविवार रात अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार 63 वर्षीय प्रकाश सातपुते निवासी बिचौली हप्सी स्टेट बैंक से सेवानिवृत्त अधिकारी हैं। उन्होंने अपने बेटे प्रखर, जो बेंगलुरु में रहता है, के लिए डीटीडीसी कूरियर से घरेलू सामान का पार्सल भेजा था। कूरियर कंपनी ने उन्हें ट्रैकिंग नंबर भी दिया था। पार्सल 20 जुलाई को डिलीवर होना था, लेकिन 21 जुलाई को बेटे से बात करने पर पता चला कि पार्सल अब तक नहीं पहुंचा।



### ट्रैकिंग के नाम पर भेजा फर्जी लिंक

- इसके बाद प्रकाश सातपुते ने इंटरनेट पर ट्रैकिंग नंबर डालकर पार्सल की जानकारी लेने का प्रयास किया। इस दौरान एक चैट बॉक्स खुला, जहां से उन्हें वॉट्सएप पर संपर्क करने के लिए कहा गया। कुछ देर बाद एक लिंक भेजा गया, जिस पर क्लिक करते ही वीडियो कॉल शुरू हो गई। कॉल में किसी का चेहरा दिखाई नहीं दिया, केवल आवाज सुनाई दे रही थी।
- बात करने वाले ने पार्सल ट्रैक करने के लिए एक और ऑनलाइन लिंक भेजा। लिंक खुलने पर एक फॉर्म दिखाई दिया, जिसमें जानकारी भरने के बाद 5 रुपए ऑनलाइन भुगतान करने के लिए कहा गया। प्रकाश सातपुते ने अपने क्रेडिट कार्ड का विवरण दर्ज कर दिया।

### आधे घंटे में खाते से उड़ गए 1.20 लाख रुपए

इसके बाद ठग ने ओटीपी आने की बात कही, लेकिन मोबाइल स्क्रीन अचानक ब्लैक हो गई। करीब आधे घंटे तक कॉल जारी रही। इसी दौरान मोबाइल पर लगातार मैसेज आने लगे और खाते से अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए 1 लाख 20 हजार रुपए निकाल लिए गए। जब खाते से रकम कटने के संदेश आए तो उन्हें साइबर ठगी का एहसास हुआ। इसके बाद उन्होंने तुरंत साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई।

### पुलिस ने दर्ज किया मामला

शिकायत के आधार पर कनाड़िया थाना पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि फर्जी लिंक और वीडियो कॉल के जरिए आरोपियों ने किस तरह बैंकिंग जानकारी हासिल कर ठगी को अंजाम दिया।

---

# पांच साल पहले हुई हत्या में पांच आरोपी बरी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

जिला कोर्ट ने करीब पांच साल पुराने केस खुड़ैल थाना क्षेत्र के लव उर्फ लवकुश राठौर हत्याकांड में सभी पांच आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया। कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ हत्या और साक्ष्य मिटाने के आरोप संदेह से परे साबित नहीं कर सका। ऐसे में केवल आशंका या संदेह के आधार पर दोषसिद्धि नहीं की जा सकती।

कोर्ट में सुनवाई कै दौरान अभियोजन का दावा था कि प्रेम विवाह से नाराज होकर आरोपियों ने 3 से 5 फरवरी 2021 के बीच लव उर्फ लवकुश की हत्या कर दी और पहचान छिपाने के उद्देश्य से शव को जंगल में ले जाकर जला दिया। बाद में डीएनए जांच से शव की पहचान लवकुश के रूप में हुई। हालांकि सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि अभियोजन द्वारा प्रस्तुत परिस्थितिजन्य साक्ष्यों की कड़ी री तरह स्थापित नहीं हो सकी। मामले के कई महत्वपूर्ण गवाह अपने पूर्व बयानों से मुकर गए और अभियोजन की कहानी का समर्थन नहीं किया। कथित प्रेम विवाह को हत्या का ठोस कारण साबित करने वाला भी कोई विश्वसनीय साक्ष्य कोर्ट के सामने प्रस्तुत नहीं किया जा सका। कोर्ट ने यह भी माना कि पुलिस द्वारा वर्ष 2024 में आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद उनके कथित मेमोरेंडम के आधार पर कोई ऐसा नया तथ्य सामने नहीं आया, जो सीधे तौर पर आरोपियों को अपराध से जोड़ता हो। जिन वस्तुओं की बरामदगी दिखाई गई, वे पहले ही 2021 में घटनास्थल से पुलिस द्वारा जब्त की जा चुकी थीं, इसलिए इन बरामदगियों का अभियोजन को कोई विशेष लाभ नहीं मिला।

---

प्रेमाश्रय वृद्धाश्रम मामले में हाई कोर्ट सख्त

# इंदौर संभाग के वृद्धाश्रमों में कितनी क्षमता, कितने रह रहे बुजुर्ग?

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के प्रेमाश्रय वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ मारपीट और दुर्व्यवहार के वायरल वीडियो के बाद हाई कोर्ट द्वारा लिए गए संज्ञान में सोमवार को फिर मप्र की इंदौर की डबल बेंच में जस्टिस सुभोध अभ्यंकर और जस्टिस आलोक अवस्थी के समक्ष सुनवाई हुई। इसमें कोर्ट राज्य सरकार को महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि प्रेमाश्रय वृद्धाश्रम के सभी बुजुर्गों को विभिन्न सरकारी आश्रय गृहों में स्थानांतरित कर दिया गया है। हालांकि, कोर्ट ने पूछा कि इन आश्रय गृहों की कुल क्षमता कितनी है और वहां कितने लोगों को रखा जा सकता है। इस पर सरकारी पक्ष तत्काल जानकारी उपलब्ध नहीं करा सका।

इस पर हाईकोर्ट ने निर्देश दिया कि अगली सुनवाई तक इंदौर संभाग के सभी आश्रय गृहों और वृद्धाश्रमों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की जाए। इसमें यह बताया जाए कि इंदौर संभाग में कुल कितने वृद्धाश्रम संचालित हैं, प्रत्येक की क्षमता कितनी है और वर्तमान में वहां कितने बुजुर्ग रह रहे हैं। कोर्ट ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव को भी निर्देश दिए हैं कि वे उन सभी आश्रय गृहों का निरीक्षण करें, जहां प्रेमाश्रय वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को भेजा गया है और वहां की व्यवस्थाओं एवं उनकी वर्तमान स्थिति पर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। मामले की अगली सुनवाई 18 अगस्त 2026 को होगी।



---

भोपाल से हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद परिवार के सुपुर्द किया, पुलिस बोली- जरूरत पड़ने पर बुलाएंगे

# इंदौर होटल सुसाइड केसः महिला मित्र से पूछताछ

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के बाणगंगा थाना क्षेत्र स्थित श्याम पैलेस होटल की दूसरी मंजिल से कूदकर जान देने वाले प्रॉपर्टी कारोबारी जीतू उर्फ जितेंद्र साहू (निवासी अभिनंदन नगर) की मौत के मामले में पुलिस ने उसकी महिला मित्र ऐना को भोपाल से हिरासत में लेकर पूछताछ की।

पूछताछ के बाद अगले दिन उसे परिवार के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस ने जरूरत पड़ने पर दोबारा पूछताछ के लिए बुलाने की बात कही है। मामले में होटल के मैनेजर, कर्मचारियों समेत एक दर्जन से अधिक लोगों के बयान भी दर्ज किए जा चुके हैं।

**भोपाल से लाकर की गई पूछताछ-** बाणगंगा पुलिस ऐना को भोपाल से हिरासत में लेकर इंदौर पहुंची। महिला एसआई और अन्य अधिकारियों ने उससे कई घंटे तक पूछताछ की। ऐना ने पुलिस को बताया कि जिस फ्लैट में वह पहले रहती थी, उसे जितेंद्र साहू ने खाली करा दिया था। इसके बाद वह पिछले 22 दिनों से होटल के कमरे में रह रही थी। उसने बताया कि जितेंद्र अधिकतर खाना अपने घर से लेकर आता था। उसका काफी सामान भी होटल परिसर में रखा हुआ था। होटल का किराया बकाया होने के कारण कर्मचारियों ने कमरे की सफाई भी बंद कर दी थी।



### सीसीटीवी में कमरे से बाहर नहीं निकली महिला

पुलिस ने होटल के अंदर और बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जांच में सामने आया कि जिस समय जितेंद्र होटल की बालकनी की ओर गया, उस दौरान ऐना अपने कमरे से बाहर नहीं निकली थी। वहीं सलमान लाला के चाचा जावेद भी घटना से करीब एक घंटे पहले अपने दो साथियों के साथ होटल से निकल चुके थे।

पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि बालकनी से कूदने से पहले जितेंद्र ने अपनी चप्पलें नीचे फेंकी थीं। इसके बाद वह लोहे के एंगल पर चढ़ा, लेकिन एंगल टूट जाने से वह नीचे गिर गया।

### परिवार के आरोपों से किया इनकार

- जितेंद्र साहू के परिजनों ने ऐना पर उससे बड़ी रकम ऐंठने और ब्लैकमेल करने के आरोप लगाए थे। हालांकि पूछताछ में ऐना ने इन सभी आरोपों से इनकार किया। उसका कहना था कि जितेंद्र ने कभी उसे खर्च के लिए पैसे नहीं दिए और न ही उसने उसे किसी तरह ब्लैकमेल किया।
- पुलिस के अनुसार, जितेंद्र के मोबाइल फोन की जांच में भी अब तक ब्लैकमेलिंग से जुड़ा कोई ठोस साक्ष्य सामने नहीं आया है। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।

---

युवक को सीधे जेल भेजने पर पुलिस को फटकार, हाईकोर्ट ने पुलिस कमिश्नर से मांगा जवाब

# खजराना एसीपी से सवाल- इंदौर में ड्यूटी करनी है या नहीं?

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

मारपीट के एक मामले में कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बिना युवक को सीधे जेल भेजने और हाई कोर्ट के रिहाई आदेश के पालन में देरी करने पर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने इंदौर पुलिस की कार्यप्रणाली पर कड़ी नाराजगी जताई है।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने खजराना एसीपी को व्यक्तिगत रूप से तलब कर तीखी फटकार लगाई और पुलिस कमिश्नर से भी जवाब मांगा है। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने एसीपी से पूछा कि आखिर किस कानूनी प्रावधान के तहत युवक को सीधे जेल भेजा गया और कोर्ट के आदेश का पालन करने में इतनी देर क्यों हुई। कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा आपको इंदौर में ड्यूटी करना है या नहीं?

**बीएनएसएस की धारा-170 में भेज दिया था जेल-** मामला खजराना थाना क्षेत्र का है। पड़ोसी से विवाद के बाद पुलिस ने तवरेज नामक युवक को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा-170 के तहत गिरफ्तार कर सीधे जेल भेज दिया। जबकि नियमानुसार आरोपी को पहले न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (जेएमएफसी) के समक्ष पेश किया जाना चाहिए था। मामले को गंभीर मानते हुए हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिए कि प्रदेश के प्रत्येक थाने में हाईकोर्ट के आदेशों के तत्काल पालन के लिए अलग सेल या नामित कर्मचारी नियुक्त किया जाए। शासन की ओर से कोर्ट को आश्वस्त किया गया कि सभी थानों में इस कार्य के लिए अलग से कर्मचारी नियुक्त किए जाएंगे, ताकि भविष्य में न्यायालय के आदेशों के पालन में किसी प्रकार की देरी न हो।



### हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी नहीं मिली तत्काल रिहाई

- हाईकोर्ट ने युवक की तत्काल रिहाई के आदेश दिए थे, लेकिन आदेश का समय पर पालन नहीं किया गया। इसके बाद युवक के परिजनों ने अधिवक्ता अमित सिसोदिया के माध्यम से बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर कर सवाल उठाया कि क्या पुलिस कमिश्नर को किसी आरोपी को सीधे जेल भेजने का अधिकार है।
- सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने तत्काल युवक को रिहा करने के निर्देश दिए। साथ ही स्पष्ट किया कि अब यह तय किया जाएगा कि बीएनएसएस की धारा-170 के तहत पुलिस कमिश्नर को किसी आरोपी को सीधे जेल भेजने का वैधानिक अधिकार है या नहीं।

# एमपी में 6 अगस्त से फिर तेज बारिश होगी, 2 दिन हैवी रेन नहीं

## भोपाल में सोमवार को बारिश हुई, वहीं खरगोन में देजला देवाड़ा जलाशय के स्पिलवे से पानी ओवरफ्लो होकर बह रहा

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

मध्य प्रदेश में बारिश के सिस्टम दूर है। सोमवार को कहीं भी तेज बारिश नहीं हुई। बादल और बूंदाबांदी का दौर जरूर रहा। ऐसा ही मौसम अगले 2 दिन यानी, 4-5 अगस्त को रहेगा। क्टऊ (मौसम केंद्र) भोपाल की माने तो 6 अगस्त से वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) का असर प्रदेश में दिखेगा और कई जिलों में भारी बारिश होगी। प्रदेश में पिछले 4 दिन से तेज बारिश नहीं हुई है। इससे ओवरऑल बारिश का आंकड़ा 16% कम हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में अब तक औसत 15.9 इंच (404.2 मिमी) बारिश हुई है, जबकि 19 इंच (482 मिमी) पानी गिर जाना था। इस तरह 3.1 इंच यानी, 16 प्रतिशत बारिश कम हुई है।

पूर्वी हिस्सा जैसे- जबलपुर, शहडोल, रीवा और सागर संभाग में 20 प्रतिशत कम बारिश हुई है। एक भी जिला ऐसा नहीं है, जो आगे हो। अनूपपुर, बालाघाट, छतरपुर, छिंदवाड़ा, दमोह, डिंडौरी, जबलपुर, कटनी, मैहर, मंडला, मऊगंज, नरसिंहपुर, निवाड़ी, पांढुर्णा, पन्ना, रीवा, सागर, सतना, सिवनी, शहडोल, सीधी, सिंगरौली, टीकमगढ़ और उमरिया में 1% से 42% तक कम बारिश हुई है। वहीं, पश्चिमी हिस्से के भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, ग्वालियर-चंबल संभाग में 11 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है।



### इन जिलों में आंकड़ा ज्यादा

मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी हिस्से के बड़वानी, भिंड, बुरहानपुर, देवास, इंदौर, खंडवा, खरगोन में ही औसत से ज्यादा बारिश दर्ज की गई।

### ऊपर से गुजर रहे 3 सिस्टम

मौसम विभाग की माने तो प्रदेश के ऊपर दो साइक्लोनिक सकुर्लेशन और एक मानसून टर्फ की एक्टिव है, लेकिन इनका असर प्रदेश में नहीं है। इस वजह से सोमवार को भोपाल में धूप खिली रही तो कुछ जगहों पर बारिश हुई।

### जून के बाद जुलाई में भी आंकड़ा कम

मौसम विभाग के अनुसार, जून में 14% कम बारिश हुई थी। जुलाई की शुरूआती दिनों में तेज बारिश होने से यह बढ़ गया। इसके बाद मानसून दो बार ब्रेक हुआ और कई दिन तक बारिश नहीं हुई। आखिरी सप्ताह में फिर से स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव हो गया। बावजूद इसके 13 प्रतिशत कम बारिश हुई है। 3 अगस्त तक यह आंकड़ा 16 प्रतिशत तक पहुंच गया। प्रदेश की सामान्य बारिश 37.3 इंच है। भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर जिले की सामान्य बारिश 38 से 39 इंच तक है। भोपाल में अगस्त में मानसून जमकर बरसता है। इस महीने राजधानी में औसत साढ़े 35 इंच तक बारिश हो चुकी है, जो साल 2006 में हुई थी। 24 घंटे में सर्वाधिक बारिश करीब 12 इंच 14 अगस्त 2006 को हुई थी। पिछले सालों की बात करें तो 2015 और 2022 में 30 इंच से ज्यादा पानी गिर चुका है।

### इंदौर में 1944 में गिरा था 28 इंच पानी

इंदौर में अगस्त महीने में औसत 28 इंच बारिश का रिकॉर्ड है, जो साल 1944 में दर्ज किया गया था। 24 घंटे में सबसे ज्यादा बारिश का रिकॉर्ड 22 अगस्त 2020 को बनाया था। इस दिन साढ़े 10 इंच पानी गिरा था। पिछले 10 साल में दो बार 17 इंच से ज्यादा बारिश हो चुकी है। इंदौर में अगस्त महीने की औसत बारिश 10 से 11 इंच है। महीने में 12 से 13 दिन तक बारिश होती है।

### ग्वालियर में 24 घंटे में साढ़े 8 इंच बारिश का रिकॉर्ड

ग्वालियर में 24 घंटे में साढ़े 8 इंच बारिश होने का रिकॉर्ड है, जो 10 अगस्त 1927 को बना था। सर्वाधिक मासिक बारिश वर्ष 1916 में 28 इंच हुई थी। इस महीने की औसत बारिश साढ़े 9 इंच है। एवरेज 12 दिन बारिश होती है। जबलपुर में एक महीने में 44 इंच बारिश का रिकॉर्ड है। 102 साल पहले यानी, वर्ष 1923 में अगस्त महीने में बारिश ने रिकॉर्ड तोड़ दिया था। इसी साल 20 अगस्त को 24 घंटे में ही 13 इंच बारिश हुई थी। यहां बादल फटने जैसी स्थिति बनी थी। जबलपुर में इस महीने की औसत बारिश 18 इंच है। करीब 16 दिन तक पानी गिरता है। पिछले 10 साल की बात करें तो साल 2019 में यहां 30.61 इंच बारिश हुई थी। उज्जैन में साल 2006 में सर्वाधिक बारिश का रिकॉर्ड बना था। इस साल अगस्त महीने में करीब 35 इंच बारिश हुई थी। इसी साल 24 घंटे में सर्वाधिक 12 इंच बारिश का रिकॉर्ड 10 अगस्त को बना था।

---

### गोबर डालने पर महिला को बंधक बनाकर पीटा

**मुरैना।** मुरैना के निरार थाना क्षेत्र के बलालपुरा गांव में गोबर और घूरा डालने के मामूली विवाद में एक महिला को पीटा गया। 30 अगस्त को पहले उसे घर से घसीटकर बाहर निकाला गया फिर एक पेड़ से बांध दिया गया और डंडों से बेरहमी से पीटा गया। घटना का वीडियो सोमवार को सामने आने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए पांच आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल सभी आरोपी फरार हैं और उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। पुलिस के अनुसार पीड़िता सीमा कुशवाह, पत्नी मुकेश कुशवाह, 30 जुलाई को अपने घर के सामने घूरा डालने गई थीं। इसी दौरान पड़ोसियों से कचरा और घूरा डालने को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया। आरोप है कि महादेवी कुशवाह अपने घर की महिलाओं नीतू और रुमाली तथा कमल और रमेश कुशवाह के साथ पीड़िता के घर में घुस गई और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने महिला को घर से घसीटते हुए बाहर निकाला और पेड़ से बांध दिया। इसके बाद डंडों से उसकी बेरहमी से पिटाई की गई। घटना के दौरान महिला लगातार बचाने की गुहार लगाती रही, लेकिन आरोपियों ने मारपीट जारी रखी। बताया जा रहा है कि आरोपी और पीड़िता आपस में रिश्तेदार हैं।

### गुना में युवक की हत्या के तीन आरोपी गिरफ्तार

**गुना।** गुना शहर की श्रीराम कॉलोनी में 45 वर्षीय लखन ओझा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जांच में सामने आया कि मामूली विवाद के बाद पड़ोसियों ने लखन ओझा के साथ बेरहमी से मारपीट की थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर में गंभीर अंदरूनी चोट को मौत का कारण बताया गया, जिसके बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है, जबकि एक आरोपी अभी भी फरार है। घटना गुरुवार रात की है। श्रीराम कॉलोनी में रहने वाले लखन ओझा की संदिग्ध मौत के बाद इलाके में सनसनी फैल गई थी। परिजनों ने आरोप लगाया था कि देर रात छह से सात लोग उनके घर पहुंचे। उन्होंने गेट खुलवाया और लखन के साथ लात-घूंसों और लोहे की रॉड से बेरहमी से मारपीट की। परिवार के लोग लगातार आरोपियों से छोड़ने की गुहार लगाते रहे, लेकिन उन्होंने किसी की नहीं सुनी। आरोपियों ने लखन को इतना पीटा कि वह बेहोश होकर गिर पड़ा। इसके बाद सभी आरोपी मौके से भाग गए। मारपीट के बाद परिजन गंभीर हालत में लखन ओझा को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है।

### दतिया में कांग्रेस की जीत के बाद छिंदवाड़ा में जश्न

**दतिया।** दतिया में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत के बाद सोमवार देर शाम छिंदवाड़ा में कांग्रेस कार्यकताओं ने उत्साह के साथ जीत का जश्न मनाया। शहर के अलग-अलग चौराहों और इलाकों में कार्यकताओं ने आतिशबाजी की, एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और जीत की बधाई दी। कई स्थानों पर लड्डू बांटकर खुशी जाहिर की गई। कार्यकताओं का कहना था कि इस जीत से पार्टी कार्यकताओं का मनोबल बढ़ा है और पूरे जिले में उत्साह का माहौल है। दतिया चुनाव की मतगणना के दौरान कांग्रेस और भाजपा प्रत्याशियों के बीच मुकाबला लगातार रोमांचक बना रहा। हर राउंड के साथ दोनों प्रत्याशियों के बीच वोटों का अंतर बदलता रहा। कभी कांग्रेस आगे रही तो कभी भाजपा ने बढ़त बनाई। जैसे ही अंतिम दौर में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत तय हुई, पार्टी कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गई और छिंदवाड़ा में भी जश्न शुरू हो गया।

### ऑटोमोबाइल कारोबारी से 1.63 करोड़ की ठगी

**ग्वालियर।** ग्वालियर के एक ऑटोमोबाइल कारोबारी को शेयर ट्रेडिंग में मोटा मुनाफा दिलाने का लालच देकर साइबर ठगों ने 1 करोड़ 63 लाख 19 हजार 900 रुपए की ठगी कर ली। फर्जी ट्रेडिंग ऐप और व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए विश्वास जीतने के बाद आरोपियों ने करोड़ों रुपए निवेश कराए और निकासी के समय टैक्स व अन्य चार्ज के नाम पर रकम रोक दी। शिकायत पर क्राइम ब्रांच ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रामदास घाटी निवासी ऑटोमोबाइल कारोबारी मनीष जैन की शिकायत पर क्राइम ब्रांच ने सोमवार रात अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। शिकायत के मुताबिक, 22 अप्रैल 2026 को उन्हें ऑनलाइन ट्रेडिंग ऐप से जोड़ा गया। आरोपियों ने खुद को शेयर बाजार की अधिकृत टीम बताकर निवेश पर भारी मुनाफे का भरोसा दिलाया। शुरूआत में कारोबारी ने 5 लाख और 10 लाख रुपए जैसी छोटी रकम निवेश की। ऐप पर अच्छा मुनाफा दिखाया गया और कुछ राशि निकल भी गई, जिससे उनका भरोसा बढ़ गया। इसके बाद उन्होंने निवेश की रकम लगातार बढ़ाई। ठग ऐप पर फर्जी मुनाफा दिखाकर उन्हें बड़े निवेश के लिए प्रेरित करते रहे।

### 80 कैमरे और तीन हाथियों की मदद से सफल रेस्क्यू

**बालाघाट।** वन विभाग अब बाघों की निगरानी और रेस्क्यू में भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित तकनीक का इस्तेमाल कर रहा है। इसी तकनीक की मदद से गांवों के आसपास घूम रहे बूढ़े नर बाघ पीएन-103 की पहचान कर उसे सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। सिवनी के बरघाट-लामटा क्षेत्र में घूम रहे करीब नौ वर्ष के इस बाघ पर दो महीने तक नजर रखी गई। 2 अगस्त को उसे सुरक्षित पकड़कर स्वास्थ्य परीक्षण के बाद वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल भेज दिया गया। विभाग के सामने सबसे बड़ी चुनौती बाघ की पहचान थी, क्योंकि उसी इलाके में सात अन्य बाघों के साथ तेंदुए, भालू और जंगली कुत्ते भी मौजूद थे।

---

#### एमपी में निजी विद्यालयों के संचालन के लिए नई गाइडलाइन

## स्टूडेंट संख्या के आधार पर कराएगा सिक्योरिटी डिपॉजिट

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल




अगर किसी निजी विद्यालय ने स्कूल शिक्षा विभाग से विद्यालय संचालन के साथ पाठ्यक्रम और अन्य कार्य व्यवस्था संचालन के लिए मान्यता हासिल की है तो उसे अब सरकार द्वारा तय नई गाइडलाइन का पालन करना होगा।

अगर किसी निजी विद्यालय द्वारा सरकार की शर्तों का पालन नहीं किया गया तो नोटिस देने की कार्रवा के साथ मान्यता निरस्त करने और दो लाख रुपए तक का जुमार्ना लगाने की कार्रवाई की जा सकेगी। मान्यता या नवीनीकरण के लिए विद्यालयों को छात्र संख्या के आधार पर सिक्योरिटी डिपॉजिट करनी होगी।

स्कूल शिक्षा विभाग ने निजी हाईस्कूल एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों की स्थापना, मान्यता, नवीनीकरण, मान्यता विस्तार, संकाय वृद्धि, माध्यम परिवर्तन, स्थान परिवर्तन तथा नाम परिवर्तन से संबंधित नई गाइडलाइन तय कर दी है। इसके लिए अब विद्यालयों में इंफ्रास्ट्रक्चर फैसिलिटी, शिक्षक व्यवस्था, आईसीटी, प्रयोगशाला, पुस्तकालय और सुरक्षा निधि जैसे प्रावधानों को भी अनिवार्य किया गया है।

नई व्यवस्था में राज्य स्तर पर एक राज्य मान्यता समिति गठित की जाएगी। कम से कम तीन सदस्यों वाली यह समिति निजी विद्यालयों की मान्यता, नवीनीकरण, विस्तार, संकाय वृद्धि, स्थान एवं नाम परिवर्तन जैसे मामलों के लिए नीति, दिशा-निर्देश और निर्णय लेने का कार्य करेगी। समिति में स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव या सचिव, आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय और माध्यमिक शिक्षा मंडल के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे।

विद्यालयों को मान्यता अथवा नवीनीकरण के लिए तय दस्तावेजों सहित ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन करना होगा। हर वर्ष 30 सितंबर तक मिले आवेदन उसी शैक्षणिक सत्र के लिए विचार किए जाएंगे। इसके बाद आने वाले आवेदन अगले सत्र के लिए मान्य होंगे। बिना नई मान्यता प्राप्त किए विद्यालय नई शाखा संचालित नहीं कर सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन प्राप्त होने के बाद संबंधित अधिकारी 45 दिनों के भीतर आवेदन पर अंतिम निर्णय लेंगे। यदि आवेदन अधूरा होगा तो 15 दिनों के भीतर गलतियो की सूचना दी जाएगी तथा आवेदक को तय समय में संशोधित आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

यदि कोई विद्यालय मानकों का पालन नहीं करेगा तो उसकी मान्यता निलंबित या निरस्त की जा सकेगी। पहले कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा और सुधार का अवसर दिया जाएगा। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर ?1 लाख से ?2 लाख तक का जुमार्ना लगाया जा सकता है। गंभीर मामलों में राज्य मान्यता समिति की अनुमति से विद्यालय की मान्यता भी समाप्त की जा सकेगी।

## 75% निजी भूमि का अधिग्रहण होना, सांसद अधिकारियों से मिले

ब्रह्मास्त्र ›› नागदा

नागदा में नई दिल्ली-मुंबई रेल कॉरिडोर के तहत पश्चिम रेलवे की दो नई रेल लाइनों का विरोध शुरू हो गया है। शहरवासियों और प्रभावितों ने 'नागदा बचाओ समिति' का गठन कर बड़े जनआंदोलन की चेतावनी दी है।

वहीं, सोमवार को सांसद अनिल फिरोजिया ने दिल्ली में रेलवे अधिकारियों से मुलाकात कर मामले की जानकारी दी, जिस पर अधिकारियों ने उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिया है।

मुंबई से आने वाली मालगाड़ियों के लिए नागदा शहर के बाहर एक नया रेलवे बायपास ट्रैक प्रस्तावित है, जो सीधे दिल्ली रेल मार्ग से जुड़ेगा। इससे मालगाड़ियों को नागदा स्टेशन या मुख्य यार्ड में नहीं जाना पड़ेगा। पश्चिम रेलवे के अनुसार, इस परियोजना के लिए 75% निजी और 25% सरकारी भूमि का अधिग्रहण होना है और प्रारंभिक सर्वे पूरा हो चुका है।

प्रभावितों का कहना है कि प्रस्तावित ट्रैक शहर के बिल्कुल करीब से गुजर रहा है। इससे किसानों की जमीनें, आवासीय कॉलोनियां, पेट्रोल पंप और दुकानें प्रभावित होंगी। नागदा बचाओ समिति से जुड़े महेश टटावत ने बताया कि ज्ञापन देने के बाद भी कोई आश्वासन नहीं मिला है, जिससे अब धरना-प्रदर्शन की तैयारी की जा रही है। परियोजना के विरोध में भाजपा और कांग्रेस के स्थानीय जनप्रतिनिधि भी साथ आ गए हैं। कर्नाटक के राज्यपाल डॉ. थावरचंद गहलोत ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर लाइन को शहर से दूर से निकालने का सुझाव दिया है।

---

## गर्लफ्रेंड-बॉयफ्रेंड को बेल्ट से पीटा, हाईवे पर घुमाया, पति-देवर ने दोनों को पकड़ा

### बिजली के खंभे से बांधा; महिला बोली- 5 साल से अफेयर है

ब्रह्मास्त्र ›› बड़वानी

जिले में पति ने पत्नी को उसके प्रेमी के साथ पकड़ लिया। इसके बाद पति ने अपने भाई और भांजे के साथ मिलकर दोनों को बेल्ट से पीटा, गाली-गलौज की और रस्सी से बांधकर गांव और हाईवे पर घुमाया। युवक के कपड़े भी उतरवा दिए। घटना ठीकरी के बरुफाटक की है। प्रेम प्रसंग के आरोप में महिला और पुरुष को पकड़ने के बाद उनके हाथ बांध दिए गए। गांव के लोगों की मौजूदगी में दोनों को सार्वजनिक रूप से अपमानित किया गया। घटना का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया गया। वीडियो में युवक बिना शर्ट के दिखाई दे रहा है। युवक और महिला, दोनों के हाथ बंधे हैं। दोनों एक घर के पीछे झाड़ियों के पास खड़े नजर आ रहे हैं। इसके बाद भीड़ पहुंचती है और धमकाते हुए उन्हें पैदल चलने के लिए कहती है।



#### सरपंच और पुलिस ने आरोपियों से दोनों को छुड़ाया

वीडियो वायरल होने के बाद ठीकरी पुलिस और गांव के सरपंच मौके पर पहुंचे। उन्होंने दोनों को आरोपियों से छुड़ाकर ठीकरी के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज किया गया। इलाज के बाद दोनों से घटना के बारे में पूछताछ की गई। महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी 15 साल पहले हुई थी और उसके दो बच्चे हैं। पति शराब पीकर मारपीट करता था। परेशान होकर वह एक माह पहले मायके चली गई थी। इसके बाद मगरखेड़ी में किराये का कमरा लेकर रहने लगी और निमरानी की एक कंपनी में मजदूरी करने लगी।

### रीवा एसएसएम मेडिकल कॉलेज में इंटर्न डॉक्टरों का विरोध

ब्रह्मास्त्र ›› रीवा

श्याम शाह मेडिकल कॉलेज (एसएसएम) रीवा में इंटर्न डॉक्टरों का 'वन स्टाइपेंड' नीति लागू करने और स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन लगातार जारी है। कॉलेज परिसर में जुटे इंटर्न डॉक्टरों ने नारेबाजी करते हुए प्रदेशभर के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में समान स्टाइपेंड लागू करने की मांग उठाई।

उनका कहना है कि रीवा मेडिकल कॉलेज में वर्तमान में 14 हजार रुपए प्रतिमाह स्टाइपेंड दिया जा रहा है, जिसे बढ़ाकर 30 हजार रुपए किया जाना चाहिए। इंटर्न डॉक्टरों का कहना है कि सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों में समान स्टाइपेंड लागू होने से विद्यार्थियों के बीच असमानता खत्म होगी। प्रदर्शन कर रहे इंटर्न डॉक्टरों ने कहा कि वे लंबे समय से अपनी मांग शासन और प्रशासन के समक्ष रख रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। उनका कहना है कि कई बार अपनी बात रखने के बावजूद केवल आश्वासन ही मिला है।

## युवक का अपहरण कर मांगी 50 लाख फिरौती, पिस्टल दिखाकर बंधक बनाया

ब्रह्मास्त्र ›› नीमच

प्रॉपर्टी में भारी मुनाफे का झांसा देकर नगरपालिका अध्यक्ष के रिश्तेदार 28 वर्षीय हर्षित चोपड़ा का अपहरण करने, पिस्टल दिखाकर बंधक बनाने और 50 लाख रुपए की फिरौती मांगने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपियों ने डरा-धमकाकर परिजनों से 25 लाख रुपए वसूल भी कर लिए। बाकी 25 लाख रुपए की मांग को लेकर दबाव बनाते रहे। सोमवार को आरोपी निम्बाहेड़ा बायपास स्थित एक ढाबे पर शराब लेने रुके, तभी मौका देखकर हर्षित स्कॉर्पियो से उतरा और डिवाइडर पार कर भाग निकला। पास के पेट्रोल पंप पर स्थानीय लोगों की मदद से वह पुलिस तक पहुंचा। शिकायत पर नीमच सिटी पुलिस ने कमलेश धनगर, प्रथम प्रजापत और दो अन्य के खिलाफ अपहरण व वसूली का केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। राजस्थान ले जाकर सुनसान जगह बनाई बंधक की साजिश आरोपी कमलेश धनगर, पीड़ित हर्षित को प्रॉपर्टी दिखाने के बहाने राजस्थान के निम्बाहेड़ा ले गया था।

### रीवा में नशीली दवाओं की तस्करी करने वाले पकड़ाए

रीवा जिले की सेमरिया पुलिस ने अवैध नशीली दवाओं की बिक्री करने वाले गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1680 प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल, 20 शीशी नशीली कफ सिरप और वारदात में इस्तेमाल की गई एक स्कूटी जब्त की है। जब्त दवाओं और वाहन की कुल कीमत करीब 1 लाख 3 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि काले रंग की स्कूटी क्रमांक एमपी-17-एसए-8292 से चार युवक प्रतिबंधित नशीली दवाएं लेकर अलग-अलग स्थानों पर बिक्री करने के लिए निकलने वाले हैं। सूचना मिलते ही सेमरिया पुलिस ने भमरा से कुशवार मार्ग स्थित भठिया के पास घेराबंदी कर दी। पुलिस को देखते ही चारों युवक भागने लगे, लेकिन पुलिस टीम ने पीछा कर उन्हें पकड़ लिया।

---

#### मध्यप्रदेश में 371.54 वर्ग किमी जंगल घटा

## सबसे ज्यादा वन भूमि का लैंड यूज माइनिंग और निर्माण कार्यों के लिए

### दूसरे कामों के लिए जंगलों की जमीन देने में एमपी आगे

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

एमपी में पेड़ कटाई को लेकर लगातार विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। सिंगरौली से लेकर भोपाल तक विकास परियोजनाओं के लिए पेड़ काटे जाने पर विपक्षी दल और पर्यावरणविद सवाल उठा रहे हैं।

संसद में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि मध्य प्रदेश देश में सबसे अधिक वन आवरण (फॉरेस्ट कवर) खोने वाला राज्य बन गया है। भारतीय वन स्थिति रिपोर्ट 2021 से 2023 के बीच राज्य ने 371.54 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र गंवा दिया। वहीं, पिछले पांच वर्षों में विकास परियोजनाओं के लिए 24,969.87 हेक्टेयर वन भूमि का भूमि उपयोग (लैंड यूज) बदला गया। दोनों ही मामलों में मध्य प्रदेश देश में पहले स्थान पर है।

भारतीय वन स्थिति रिपोर्ट-2021 के अनुसार, मध्य प्रदेश का कुल वन आवरण 77,444.98 वर्ग किलोमीटर था, जो क्ऱ्र्ऋ- 2023 में घटकर 77,073.44 वर्ग किलोमीटर रह गया। यानी दो वर्षों में राज्य ने 371.54 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र खो दिया। यह देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सबसे अधिक गिरावट है। 1 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2026 के बीच देशभर में 1,05,594.32 हेक्टेयर वन भूमि गैर-वानिकी कार्यों के लिए डायवर्ट की गई। इसमें अकेले मध्य प्रदेश की हिस्सेदारी 24,969.87 हेक्टेयर (करीब 23.65 प्रतिशत) रही। यानी देश में गैर-वानिकी कार्यों के लिए दी गई हर चौथी हेक्टेयर वन भूमि मध्य प्रदेश से गई।



### प्रतिपूरक वनीकरण अनिवार्य

पर्यावरण मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि भारतीय वन अधिनियम, 1927 और वन (संरक्षण एवं संवर्धन) अधिनियम, 1980 के तहत वनों के संरक्षण की प्राथमिक जिम्मेदारी राज्य सरकारों की है। विकास परियोजनाओं के लिए वन भूमि देने पर प्रतिपूरक वनीकरण अनिवार्य है। साथ ही नेट प्रेजेंट वैल्यू (ठढश) की राशि उअटढअ के माध्यम से नए जंगल विकसित करने में खर्च की जाती है। केंद्र सरकार ने बताया कि वर्ष 2011 से 2020 के बीच देश में 21.76 मिलियन हेक्टेयर अवक्रमित (डीग्रेडेड) भूमि का पुनरुद्धार किया गया। वर्ष 2030 तक 26 मिलियन हेक्टेयर बंजर एवं अवक्रमित भूमि को फिर से हरित बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए राष्ट्रीय वनीकरण कार्यक्रम और हरित भारत मिशन संचालित किए जा रहे हैं। मध्य प्रदेश 'टाइगर स्टेट' के रूप में जाना जाता है। लगातार वन कटाई और आधारभूत ढांचा परियोजनाओं के कारण बांधवगढ़, कान्हा, पन्ना और सतपुड़ा के बाघों एवं अन्य वन्यजीवों के प्राकृतिक कॉरिडोर प्रभावित हो रहे हैं। जंगलों के विखंडन से मानव-वन्यजीव संघर्ष बढ़ने की आशंका भी जताई जा रही है।

### कई राज्यों ने बढ़ाया वन क्षेत्र

देश का कुल वन आवरण 7,15,342.61 वर्ग किलोमीटर है, जो कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 21.76 प्रतिशत है। बिहार (129.19 वर्ग किमी), गुजरात (180.07 वर्ग किमी), कर्नाटक (147.70 वर्ग किमी), केरल (133.42 वर्ग किमी), मिजोरम (241.73 वर्ग किमी), ओडिशा (151.89 वर्ग किमी) और उत्तर प्रदेश (118.43 वर्ग किमी) ने वन क्षेत्र बढ़ाया है। देशभर में कुल 156.41 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र बढ़ा, जबकि मध्य प्रदेश में सबसे अधिक कमी दर्ज की गई।

### देश में जंगल की सबसे ज्यादा जमीन माइनिंग के लिए दी

पिछले पांच वर्षों में देशभर में 23,976.72 हेक्टेयर वन भूमि खनन एवं उत्खनन के लिए स्वीकृत की गई। सड़क निर्माण के लिए 22,284.65 हेक्टेयर, जलविद्युत एवं सिंचाई परियोजनाओं के लिए 18,788.12 हेक्टेयर और पावर ट्रांसमिशन लाइनों के लिए 14,006.45 हेक्टेयर वन भूमि हस्तांतरित की गई। इन श्रेणियों में मध्य प्रदेश की हिस्सेदारी सबसे अधिक रही।

# डीपफेक के खिलाफ हाईकोर्ट में श्रुति हसन



श्रुति हासन ने एआई- जेनेरेटेड डीपफेक सामग्री, फर्जी विज्ञापन और अपनी पहचान के अनधिकृत उपयोग के खिलाफ आवाज उठाई है। उन्होंने बॉम्बे हाई कोर्ट में एक याचिका दायर करते हुए निजता और प्रचार अधिकारों की सुरक्षा की मांग की है। एक्ट्रेस ने कई भारतीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों और अज्ञात व्यक्तियों को नामजद किया किया है। आरोप है कि उन्होंने बिना अनुमति के एक्ट्रेस के नाम व छवि का इस्तेमाल करते हुए डीपफेक और आपत्तिजनक सामग्री तैयार की। कुछ आपत्तिजनक और यौन रूप से स्पष्ट वीडियो भी बनाए गए हैं। फिलहाल कोर्ट ने एक्ट्रेस को वाणिज्यिक मुकदमा दायर करने की अनुमति दे दी है।

### धूम-धड़ाके से सगाई

टीवी एक्ट्रेस जेनिफर विंगेट ने कुछ दिनों पहले ही यूके के वेस्ट वेल्स में भव्य व्हाइट वेडिंग की। अब उन्होंने अपनी हल्दी सेरेमनी की कुछ तस्वीरें साझा की हैं। फ्रेंडशिप डे के मौके पर साझा इन तस्वीरों में करण वाही, हरलीन सेठी और सहबान अजीम जैसे एक्ट्रेस के दोस्त भी नजर आ रहे हैं। हरे रंग के लहंगे में जेनिफर बेहद खूबसूरत लग रही हैं, जबकि उनके पति विलियम इस्माइल सफेद शेरवानी में डैशिंग दिख रहे हैं। जेनिफर डांस करती, हल्दी लगवाती और अन्य पलों के मजे लेती दिख रही हैं।

## ड्रैगन बैटल का भव्य प्रदर्शन, हाउस ऑफ द ड्रैगन



'हाउस ऑफ द ड्रैगन' का सीजन 3 अब अपने अंत की ओर बढ़ रहा है। फिनाले अगले हफ्ते है। अब सातवां एपिसोड 'द ड्रैगन इन विंटर' रिलीज हुआ है, जो कि शुरूआत से अंत तक टेंशन, इमोशन और राजनीतिक साजिशों से भरपूर है। सबसे बड़ी विशेषता इसकी तेज रफ्तार कहानी है। एक ओर रेनैयरा टार्गेरियन लगातार अपने सहयोगियों और परिवार के बीच बढ़ती अविश्वास की दीवारों से जूझती दिखती हैं, वहीं दूसरी ओर ग्रीन्स की तरफ से भी सत्ता बचाने के लिए नई चालें चली जा रही हैं। हेलीना के रहस्यमयी सपने भविष्य की घटनाओं की झलक देते हैं, जबकि एगॉन और उसके ड्रैगन सनफायर की वापसी चौंका देती है। हर किरदार अपनी तरह से कहानी को नई दिशा देता है। सबसे शानदार है- ड्रैगनों का भव्य प्रदर्शन। बेहतरीन विजुअल्स इफेक्ट्स, सिनेमैटोग्राफी और बैकग्राउंड स्कोर के साथ कई ड्रैगन को एक साथ स्क्रीन पर देखना अद्भुत सिनेमैटिक अनुभव देता है। रूप में एक बार फिर बेहतरीन एक्टिंग की है। टॉम ग्लिन-कार्नी का एगॉन भी दमदार है।





## जख्म विवाद : आशा की सलाह, महेश भट्ट भी हैरान

महेश भट्ट की फिल्म 'जख्म' को रिलीज हुए 28 साल हो गए हैं। इसे रिलीज करने और सेंसर बोर्ड से पास करके लिए महेश को जो पापड़ बेलने पड़े थे, उसका दर्द आज भी ताजा है। 'अर्थ', 'डैडी' और 'वो लम्हे' की तरह 'जख्म' भी भट्ट की निजी जिंदगी का एक बेहद संवेदनशील पन्ना थी, जिसमें मुस्लिम मां और हिंदू पिता की संतान होने का दर्द दिखाया गया था। भट्ट ने बताया कि फिल्म के संवेदनशील विषय को देखकर सेंसर बोर्ड इसे पास करने से हिचकिचा रहा था। महीनों तक फिल्म अटकी रही और मामला सियासी रंग लेने लगा था। सेंसर बोर्ड की तत्कालीन प्रमुख आशा पारेख ने उन्हें सलाह दी थी कि क्यों न इसे मुंबई में बाल ठाकरे या केंद्र में लालकृष्ण आडवाणी को दिखा कर हरी झंडी ली जाए। भट्ट को यह बात नागवार गुजरी, लेकिन उन्हें मजबूरी में दिल्ली और गृह मंत्रालय के चक्कर काटने पड़े। लगभग 3 महीने बाद कुछ बदलावों के साथ फिल्म रिलीज हुई। 'जख्म' शुरूआत में बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई थी। लेकिन अब इसे भारतीय सिनेमा की कल्ट क्लासिक फिल्म माना जाता है। इसे नेशनल फिल्म अवॉर्ड भी मिला था।



## लंदन में किंग लूक

शाहरुख खान और उनका परिवार पिछले कुछ दिनों से यूके में हैं। हाल ही में शाहरुख को ब्रिटेन की राजधानी लंदन की गलियों में घूमते देखा गया। वह अकेले स्पॉट हुए। वह कैमरे से बचते, लुक छिपाने की कोशिश करते भी दिखाई दिए। उनकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिन्हें देखकर कहा जा रहा है कि एक्टर अपनी अगली फिल्म 'किंग' के नए किरदार वाले लुक को छिपाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि एक्टर पूरी तरह कैजुअल लुक में थे। उन्होंने ब्लैक पैंट और व्हाइट टी शर्ट के साथ ब्लू हूडी पहनी थी। उनकी हेयरस्टाइल बिल्कुल नहीं दिख रही थी। उन्होंने गॉगल भी लगाया था। शाहरुख के इस अंदाज से माना जा रहा है कि 'किंग' में उनका लक बेहद खास होने वाला है।

## शूर्पणखा के मॉडर्न लुक पर दो टूक



'रामायण' का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ। डायरेक्टर नितेश तिवारी और प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा 4000 करोड़ रुपए की लागत में दो पार्ट्स की बॉलीवुड की अबतक की सबसे महंगी फिल्म बना रहे हैं। महाकाव्य रामायण पर बन रही इस फिल्म के ट्रेलर को दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली। लोगों ने जहां फिल्म के वीएफएक्स की तारीफ की, वहीं कुछ लोगों ने स्टारकास्ट के कॉस्ट्यूम की आलोचना की। सबसे ज्यादा आलोचना रकुल प्रीत सिंह द्वारा निभाए शूर्पणखा के किरदार के कॉस्ट्यूम की हो रही है। रकुल ने अब एक इवेंट में इसका दो टूक शब्दों में जवाब दे दिया है। उन्होंने कहा, "हमने 'रामायण' को सीरियल के तौर पर देखा है। हमारी समझ फिल्मों और सीरियल तक ही सीमित है। लेकिन नितेश तिवारी की 'रामायण' में शूर्पणखा का लुक ग्रंथों के विवरण के अनुसार ही है। हर कोई जानता है कि शूर्पणखा लंका की सबसे खूबसूरत महिला थी। उनका लुक त्रेता युग के अनुसार ही बनाया गया है।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





## रंग भरकर चित्र बनाओ







## जोक्स

पति – जो चोरी करता है, वो बाद में बहुत पछताता है।
पत्नी (रोमांटिक अंदाज में) बोली – और तुमने शादी से पहले जो मेरी नींदें चुराई थी, उनके बारे में क्या ख्याल है...?
पति – कह तो रहा हूं, वो बाद में बहुत पछताता है...!

कभी भी अकेलेपन का अहसास सताए, तो घर की सभी लाइट्स बंद करके भूत वाली मूवी देखो...
कसम से कभी अकेलापन महसूस नहीं होगा, हर वक्त लगेगा कि कोई पीछे खड़ा है...!



पत्नी (पति से) – कहां जा रहे हो...?
पति – मरने जा रहा हूं...!
पत्नी – साथ में थैली लेकर जाना...
पति – वो किसलिए...?
पत्नी – अगर इरादा बदल जाए, तो आते समय कुछ सब्जियां लेते आना...!

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | | 30 | | 40 | | 50 | = | 60 |
| | | | | | | | | |
| 40 | | 30 | | 40 | | 50 | = | 0 |
| | | | | | | | | |
| 50 | | 2 | | 20 | | 10 | = | 50 |
| | | | | | | | | |
| 2 | | 45 | | 70 | | 40 | = | 60 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 20 | | 47 | | 10 | | 50 | = | 50/7 |

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | घा | त | ह | दा | प | र | तू | ग | झ | आ |
| ज | अ | ल | म | आ | त | ता | यी | तं | श | ई |
| अं | इ | नु | दि | ल | दा | ल | ब्र | र | ला | ना |
| आ | कु | अ | ल | बे | ला | क | ई | रि | श | ली |
| स | मा | श | आ | तं | क | स | अ | ग | वी | ट |
| री | रं | दा | वु | व | लि | आ | वा | ग | म | न |
| आ | जा | ल | के | गा | आ | म | र | कौ | या | ले |
| ग | वा | आ | रा | म | क | रो | प्रे | ग | श | थ |
| म | स | मि | न | व | न | ज | त्य | शा | जू | द |
| न | र | ल | म | ह | र | औ | के | स | प | ना |
| थो | आ | स | मा | न | हो | ग | या | दु | र | क |

शब्दजाल में 'आ' से शुरु होने वाले दस शब्द ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.

---------------

आराम, आगमन, आईना, आसमान, आघात, आरोग्य, आवागमन, आमादा, आततायी, आतंक

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 2 | 4 | 1 | | |
| | 33 | | 23 | | 33 | 6 |
| 3 | 7 | 6 | | | 4 | 5 |
| | 42 | | 29 | | 25 | |
| | | 5 | | 3 | 2 | 1 |
| 6 | 37 | 7 | 38 | | 33 | |
| | 2 | | 4 | | | 7 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### माथा पच्ची का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | + | 15 | x | 3 | ÷ | 2 | = | 45 |
| + | | + | | x | | x | | - |
| 59 | - | 20 | + | 40 | - | 50 | = | 29 |
| ÷ | | - | | ÷ | | ÷ | | - |
| 1 | x | 10 | + | 4 | - | 5 | = | 9 |
| - | | x | | - | | - | | + |
| 60 | x | 1 | - | 30 | + | 10 | = | 40 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 14 | + | 25 | - | 0 | + | 10 | = | [illegible] |

### अष्टयोग का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 2 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 2 | 30 | 7 | 31 | 4 | 34 | 2 |
| 1 | 5 | 4 | 3 | 2 | 7 | 6 |
| 5 | 28 | 6 | 31 | 6 | 39 | 3 |
| 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 5 | 7 |
| 3 | 30 | 5 | 32 | 7 | 34 | 5 |
| 7 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 4 |

### शब्दजाल का हल



## वर्ग पहेली





### बाएं से दाएं

1. शमशीर, कृपाण-4
4. उपद्रवी, आतंकी-4
6. अनुबंध, संधि-3
8. धोखा, छल, मक्कारी-3
9. चांदी-3
11. अश्रु-2
13. नीचता-5
15. कुंजी, जिससे ताला खोलते हैं-2
16. पुराना जुकाम-3
18. प्रश्न-3
19. चांदी-3
20. जहां ताजिये दफन किए जाते हैं-4
22. बोरिया-बिस्तर-4

### ऊपर से नीचे

1. झगड़ा, कहासुनी-4
2. संगीत यंत्र-2
3. बहुत बड़ा, विशाल-3
4. अपनत्व, अपनापा-5
5. अनबन, झगड़ा-4
7. कपड़े धोनेवाला-3
10. तहजीबदार-5
12. अकस्मात, सहसा-4
14. दृष्टि, निगाह-3
17. बेमिसाल, अनूठा-4
18. बलवान-3
21. उम्मीद, आशा-2

## सूडोकू नवताल-

* * * * * कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

# पेरू में टूरिस्ट प्लेन क्रैश, क्रू समेत 13 की मौत, 11 पर्यटक यूरोप से थे



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन**

पेरू के नाज्का शहर के पास शनिवार को एक टूरिस्ट प्लेन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में 11 यूरोपीय पर्यटकों समेत 13 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 7 इटली, 2 स्पेन और 2 जर्मनी के पर्यटक शामिल हैं। विमान के पायलट और को-पायलट की भी जान चली गई।

यह विमान इका शहर से उड़ान भरकर पर्यटकों को 2000 साल पुरानी नाज्का लाइन्स दिखाने जा रहा था। नाज्का लाइन्स के पास पहुंचने के बाद प्लेन खेत में जाकर गिरा। इसमें आग लग गई। हादसे के बाद प्लेन के मलबे के पास जले हुए शव बिखरे पड़े थे।

पेरू सरकार ने हादसे की जांच के आदेश दिए हैं। राष्ट्रपति केइको फुजीमोरी ने घटना पर दुख जताया है और नाज्का एयरपोर्ट का संचालन अस्थायी रूप से रोकने पर भी विचार किया जा रहा है। जो प्लेन हादसे का शिकार हुआ, उसे पेरू की कंपनी 'एरोडियाना' ऑपरेट कर रही थी। एयरलाइन की वेबसाइट के मुताबिक, वह पिछले 14 साल से सेसना ग्रैंड कारवां प्लेन का इस्तेमाल करके नाज्का लाइन्स के ऊपर सीनिक फ्लाइट्स (नजारे दिखाने वाली उड़ानें) की सुविधा दे रहे हैं। हादसे की जांच की जा रही है। एरोडियाना ने कोई कमेंट नहीं दिया।

### नाज्का लाइन्स क्या हैं?

पेरू की राजधानी लीमा से करीब 400 किमी दक्षिण में नाज्का और पाल्पा के रेगिस्तान में 2,000 साल पुरानी विशाल आकृतियां बनी हैं। माना जाता है कि इन्हें 200 ईसा पूर्व से 600 ईस्वी के बीच नाज्का सभ्यता के लोगों ने बनाया था। गहरे रंग की पत्थरीली सतह हटाकर नीचे की हल्की मिट्टी को उभारने से ये आकृतियां बनाई गईं। इनमें बंदर, हमिंगबर्ड, मकड़ी, कोंडोर, व्हेल, पेड़ और हाथ जैसी दर्जनों आकृतियां शामिल हैं। कई आकृतियां 100 से 300 मीटर या उससे भी बड़ी हैं, जबकि कुछ सीधी रेखाएं कई किलोमीटर तक फैली हैं।

### इन्हें देखने लोग क्यों आते हैं?

नाज्का लाइन्स का पूरा आकार जमीन से दिखाई नहीं देता। इन्हें साफ तौर पर केवल विमान, हेलिकॉप्टर, व्यूइंग टावर या आसपास की ऊंची पहाड़ियों से देखा जा सकता है। यही वजह है कि हर साल हजारों पर्यटक सीनिक फ्लाइट लेकर इन्हें देखने पहुंचते हैं। वैज्ञानिक आज भी इनके उद्देश्य पर एकमत नहीं हैं। इन्हें धार्मिक अनुष्ठानों, जल स्रोतों, खगोलीय गणनाओं या सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़कर देखा जाता है।

# येन को 40 साल के निचले स्तर से उबारेगा अमेरिका:15 साल बाद जापानी येन खरीदा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बताया कि अमेरिका ने एक दशक में पहली बार जापानी येन खरीदा है। येन को डॉलर के मुकाबले उसके 40 साल के सबसे निचले स्तर से उबारने के लिए ऐसा किया गया है। ट्रम्प ने कहा, ₹उनकी करेंसी कमजोर हो रही थी और वे थोड़ी मदद चाहते थे। पिछले हफ्ते जापानी मुद्रा 'येन' डॉलर के मुकाबले 164 के स्तर पर पहुंच गई थी, जो पिछले 40 सालों का सबसे निचला स्तर है। इस तेज गिरावट को नियंत्रित करने के लिए जापान और अमेरिका ने मिलकर फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में हस्तक्षेप किया। इस हस्तक्षेप का मुख्य उद्देश्य येन की अत्यधिक अस्थिरता को रोकना और करेंसी स्पेक्युलेटर्स को नियंत्रित करना था। यह पिछले 15 सालों में यानी साल 2011 के बाद पहला मौका है जब जापान और अमेरिका ने करेंसी मार्केट में एक साथ मिलकर कदम उठाया है। इससे पहले 2011 में पूर्वी जापान में आए भूकंप और सुनामी के बाद दोनों देशों ने येन को कमजोर करने के लिए समन्वित कार्रवाई की थी। इस बार उद्देश्य येन को और अधिक गिरने से बचाना है।

बैंक ऑफ जापान के आंकड़ों के अनुसार, टोक्यो ने शुक्रवार के आधिकारिक संयुक्त हस्तक्षेप से ठीक पहले, गुरुवार को न्यूयॉर्क बाजार में येन खरीदने के लिए लगभग 59 अरब डॉलर बेचे थे।

अमेरिका ने आधिकारिक तौर पर अपनी खरीदी की राशि का खुलासा नहीं किया है, लेकिन कैबिनेट बैठक के दौरान अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट की नोटबुक की तस्वीर से संकेत मिला है, जिस पर लिखा था: "To Do: Buy Japanese Yen $5-10 bil" यानी 5 से 10 अरब डॉलर का येन खरीदना।

**पंजाबी युवक ने 280 की स्पीड में भगाई कार**

# कनाडा में 81 लाख की कार्वेट गाड़ी से स्टंट, टायरों से धुआं भी निकाला



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ कनाडा**

कनाडा के कैलगिरी में पंजाबी युवक की रैश ड्राइविंग का एक वीडियो सामने आया है। युवक ने 280 की स्पीड में अपनी कार्वेट कार को ट्रैफिक भरे रोड पर भगाया। वीडियो में कार का स्पीडोमीटर भी दिखाया गया है। युवक ने कार के टायरों से धुआं निकालने का एक अन्य वीडियो भी शेयर किया है।

कनाडा के लोगों ने इस युवक का वीडियो एक्स (पूर्व ट्विटर) पर शेयर कर इसे डिपोर्ट करने और कार्रवाई करने की मांग की है। कार चला रहे युवक की पहचान जस सिंह के रूप में हुई है। युवक पंजाब में कहां का रहने वाला है, इसके बारे में पता नहीं लग पाया है।

युवक ने इंस्टाग्राम पर अपने अकाउंट से 2 अगस्त को वीडियो अपलोड किया। वीडियो के साथ युवक ने अपने फोटो भी शेयर किए हैं। इसमें गोल्डन टेंपल में माथा टेकते दिख रहा है।

फिलहाल युवक के खिलाफ अभी कनाडा पुलिस ने कोई एक्शन नहीं लिया है। बता दें कि कनाडा में इस तरह से रैश ड्राइविंग पर लाइसेंस रद्द हो सकता है। इसके साथ ही मामले की गंभीरता को देखते हुए जेल का भी प्रावधान है।

### 280 किलोमीटर की स्पीड पर दिख रही सुई

वीडियो में जस सिंह कॉर्वेट कार से रिहायशी इलाकों में बर्नआउट करता, शहर में रेसिंग करता और सामने से आने वाले वाहनों की लेन में तेज रफ्तार से कार चलाता दिखाई दे रहा है। वीडियो में कार के स्पीडोमीटर पर रफ्तार 280 किमी/घंटा के आसपास दिखाई दे रही है। एक अन्य क्लिप में रिहायशी इलाके में बर्नाउट (धुआं निकालते) करते हुए कार दिख रही है। वीडियो में युवक ने अपने दो फोटो लगाए हैं। एक फोटो में वह अपने गांव में दिख रहा है और पीछे पंचायत द्वारा लगवायाा गया सिमेंटड बैच हैं। इससे अगले फोटो में युवक ने गोल्डन टेंपल में माथा टेकने के दौरान की मेमोरी शेयर की है। अंत में लिखा है कि फ्यूल द जर्नी। सोशल मीडिया यूजर्स ने जस सिंह को कनाडा में पढ़ाई का मौका मिलने के बावजूद कानून और जनसुरक्षा का अनादर करने का आरोप लगाया।

**अमेरिकी नौसेना की इजाजत के बिना कोई जहाज नहीं गुजर सकता**

# ईरान समझौता करे या सरेंडर, होर्मुज हमारे कंट्रोल में

**ईरानी लीडरशिप बातचीत को लेकर दोहरा रवैया अपना रहा है**

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के पास अब सिर्फ दो रास्ते बचे हैं- समझौता करना या पूरी तरह सरेंडर करना। उन्होंने कहा कि ईरानी लीडरशिप बातचीत को लेकर दोहरा रवैया अपना रहा है।

ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा ईरान पहले बातचीत के लिए भीख मांगता है, लेकिन फिर सार्वजनिक तौर पर कहता है कि अमेरिका से कोई बातचीत नहीं हो रही है।

उन्होंने आगे कहा कि होर्मुज स्ट्रेट पहले से ही हमारे कंट्रोल में है और अमेरिकी नौसेना की इजाजत के बिना वहां से कोई जहाज नहीं गुजर सकता। डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि तेहरान के साथ नई बातचीत ईरान के लिए डील करने और देश पर अमेरिकी हमलों को बढ़ने से रोकने का आखिरी मौका है। ओवल ऑफिस में मौजूद ट्रम्प ने कहा- ह्लउम्मीद है कि अगले एक-दो दिन में ऐसी बातचीत शुरू होगी जिससे होर्मुज फिर से खुल जाएगा। इसके साथ ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को लेकर हमारी चिंताओं को दूर करने की दिशा में आगे बढ़ सकेगा। इसमें थोड़ा समय लगेगा।



यमन के हूती विद्रोहियों की धमकी के बाद सऊदी अरब के 6 सुपरटैंकरों ने अपना समुद्री रास्ता बदल दिया है। जहाजों की ट्रैकिंग करने वाले डेटा के मुताबिक, ये टैंकर अब लाल सागर से गुजरने के बजाय अफ्रीका के दक्षिणी हिस्से का लंबा रास्ता अपनाकर जा रहे हैं। ये सभी सऊदी झंडे वाले सुपरटैंकर एशिया में तेल उतारने के बाद खाली थे। जहाजों की निगरानी करने मरीनट्रैफिक के अनुसार, ये सभी एक साथ अफ्रीका के दक्षिणी सिरे की ओर बढ़ रहे हैं और बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट से नहीं गुजर रहे। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के ग्राउंड फोर्स कमांडर मोहम्मद करामी ने कहा है कि उत्तर-पश्चिमी ईरान में तैनात लड़ाके किसी भी खतरे का करारा जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

उन्होंने पर पोस्ट कर कहा कि ये लड़ाके खुफिया जानकारी, ऑपरेशनल तैयारी, आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक क्षमताओं के साथ हर तरह के खतरे का निर्णायक जवाब देने में सक्षम हैं।

### अमेरिका-ईरान वार्ता की तारीख और जगह तय नहीं

अमेरिका और ईरान के बीच होने वाली बातचीत की तारीख और जगह अभी तय नहीं हुई है। तुर्किये की सरकारी समाचार एजेंसी अनादोलु ने पाकिस्तानी सरकारी सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, बातचीत की मेजबानी के लिए पाकिस्तान और कतर के नाम पर विचार किया जा रहा है। दोनों देशों के मध्यस्थ लगातार अमेरिका और ईरान के संपर्क में हैं। ईरान अब सीधे सैन्य जीत हासिल करने के बजाय अमेरिका और उसके सहयोगियों के लिए जंग की कीमत लगातार बढ़ाने की रणनीति अपना रहा है।
रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, तेहरान का मानना है कि अगर संघर्ष लंबा चला तो अमेरिका पर आर्थिक और रणनीतिक दबाव बढ़ेगा। इससे भविष्य की बातचीत में ईरान की स्थिति मजबूत हो सकती है।

# पाकिस्तानी के साथ पकड़ी पंजाबी युवती गायब

**नानी बोली- फोन बंद, मां की मौत हो चुकी; मोगा के युवकों ने थप्पड़ मारे थे**

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ मलेशिया**

मलेशिया में पाकिस्तान के युवक के साथ पकड़ी गई मोगा की लड़की गायब हो गई है। पंजाब में रह रही लड़की की नानी ने दोहती को वापस लाने की गुहार लगाई है। नानी का एक वीडियो भी सामने आया है। उन्होंने कहा कि इसकी मां की मौत हो चुकी है और उसने ही इसे पालकर बड़ा किया है।

उन्होंने कहा कि दोहती की इच्छा विदेश जाने की थी, इसलिए उसे 3 साल पहले ही विदेश भेजा था। उसे नहीं पता है कि वह वहां किसके साथ रह रही है। उन्होंने सोचा था कि दोहती विदेश जाकर कमाएगी तो इसके बाद उसकी शादी अच्छे घर में कर देंगे।

अब उन्हें लोगों से पता चला है कि उसके साथ वहां कुछ लड़कों ने पाकिस्तानी के साथ घूमने के चलते पिटाई की है। घटना वाले दिन से दोहती गायब है और उसके साथ कोई भी संपर्क नहीं हो पा रहा है। उन्हें डर है कि उसके साथ कुछ अनहोनी घटना न हुई हो। 2 दिन पहले मलेशिया के एक हाईवे पर पंजाबी युवती के साथ बीच सड़क मारपीट का श्क्ऊश्ड सोशल मीडिया पर सामने आया था। इसमें कुछ पंजाबी युवक युवती को घेरकर उससे बहस करते हैं, थप्पड़ मारते हैं और उसके साथ मौजूद पाकिस्तानी युवक से भी धक्का-मुक्की करते दिखाई देते हैं।

वीडियो शेयर करने वाले युवकों का दावा था कि युवती पंजाब के मोगा की रहने वाली है और मलेशिया में पाकिस्तानी युवक के साथ रह रही थी। वे उसे भारत डिपोर्ट करने की मांग करते भी दिखाई देते हैं।



### झगड़े के बाद मलेशिया पुलिस ने पूछताछ के लिए उठाया

हाईवे पर लड़ाई-झगड़े के वीडियो के बाद मलेशिया पुलिस ने सभी लड़कों को पैसे के विवाद में पूछताछ के लिए उठा लिया है। वीडियो में लड़के पाकिस्तानी लड़के के साथ हैप्पी नामक पंजाबी लड़के से पैसे का लेन-देन बता रहे थे। अभी मलेशिया पुलिस युवकों से पूछताछ कर रही है। मलेशिया में समाजसेवी संस्था चला रही पंजाबी महिला रूबीना ने लड़की के गायब होने की शिकायत मलेशिया पुलिस को कर दी है। रूबीना ने शिकायत को लेकर वीडियो जारी कर कहा कि मोगा की रहने वाली लड़की चाहे पंजाबियों के कब्जे में है या फिर पाकिस्तानी या बंगलादेशियों के, उसे सही सलामत उनकी संस्था के हवाले कर दें ताकि उसे पंजाब पहुंचाया जा सके।

### हाईवे पर घेरकर थप्पड़ मारे थे

2 दिन पहले मलेशिया के एक हाईवे पर पंजाबी युवती के साथ बीच सड़क मारपीट का श्क्ऊश्ड सोशल मीडिया पर सामने आया था। इसमें कुछ पंजाबी युवक युवती को घेरकर उससे बहस करते हैं, थप्पड़ मारते हैं और उसके साथ मौजूद पाकिस्तानी युवक से भी धक्का-मुक्की करते दिखाई देते हैं। वीडियो शेयर करने वाले युवकों का दावा था कि युवती पंजाब के मोगा की रहने वाली है

### सरकार आयकर संशोधन समेत 5 बिल पास करने की कोशिश करेगी

**नई दिल्ली।** आज संसद के मानसून सत्र का 12वां दिन है। पिछले 31 जुलाई से राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मुद्दे पर संसद के दोनों सदनों में लगातार हंगामा हो रहा है। कल लोकसभा ने सुप्रीम कोर्ट के जजों की संख्या (उखक सहित) 34 से बढ़ाकर 38 करने संबंधी बिल बिना चर्चा के पास कर दिया। वहीं राज्यसभा ने 'माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज डेवलपमेंट (अमेंडमेंट) बिल, 2026' पास कर दिया। इस सत्र के लिए 8 बिल लिस्ट किए गए थे, जिनमें से 3 बिल दोनों सदनों में पास हो चुके हैं। वंदे मातरम, पब्लिक एग्जामिनेशन संशोधन बिल (पेपर लीक) और सुप्रीम कोर्ट (जजों की संख्या) संशोधन बिल दोनों सदनों में पास हो चुके हैं। वहीं, जन्म-मृत्यु पंजीकरण बिल, आयकर (संशोधन) बिल, टटए विकास (संशोधन) बिल, विदेशी अंशदान संशोधन बिल और विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान बिल को अभी संसद की मंजूरी नहीं मिली है।

## पाकिस्तान में आत्मघाती हमला, 8 पुलिसकर्मियों समेत 19 की मौत

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के स्वात जिले में रविवार को एक पुलिस स्टेशन के बाहर आत्मघाती हमला हुआ। इसमें 8 पुलिसकर्मी समेत 19 लोगों की मौत हो गई, जबकि 18 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

पाकिस्तानी मीडिया डॉन के मुताबिक, हमले के समय पास के काबल चौक पर आतंकवाद के खिलाफ शांति रैली चल रही थी। स्वात के जिला पुलिस अधिकारी उमर खान के ने बताया कि इसी दौरान एक युवक काबल पुलिस स्टेशन के गेट पर पहुंचा। पुलिस वालों ने उसे रोककर तलाशी लेने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं रुका। इससे पहले पुलिस हरकत में आती, युवक को खुद को ब्लास्ट कर दिया। फिलहाल किसी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। पुलिस हाई अलर्ट पर है। सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को सील कर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। धमाके से पहले रविवार को कई लोग आतंकवाद के खिलाफ शांति रैली निकाल जा रहे थे।

# दुनिया के तीसरे सबसे छोटे देश ने अपना नाम बदला:अब 'नौरू' नहीं 'नाओएरो' कहलाएगा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नाओएरो**

प्रशांत महासागर में बसे दुनिया के तीसरे सबसे छोटे देश नौरू ने ऐतिहासिक फैसला लेते हुए अपना नाम बदल दिया है। अब यह देश आधिकारिक तौर पर 'रिपब्लिक ऑफ नाओएरो' कहलाएगा। संयुक्त राष्ट्र ने भी अपने रिकॉर्ड में नया नाम लागू कर दिया है।

करीब 12 हजार आबादी वाले इस द्वीपीय देश का कहना है कि 'नाओएरो' उसका असली नाम है, जबकि 'नौरू' विदेशी लोगों की सुविधा के लिए प्रचलन में आया था। अब सरकार का मानना है कि समय आ गया है कि देश दुनिया के सामने अपनी मूल पहचान के साथ जाना जाए।

नाओएरो इक्कीसवीं सदी में ऐसा आठवां देश बन गया है जिसने अपना नाम बदला है। इससे पहले तुर्किये ने 2022 में ऐसा किया था। 19वीं सदी के




आखिर तक नाउरू एक छोटा-सा द्वीप था, जहां 12 स्थानीय जनजातियां रहती थीं। यहां कोई आधुनिक सरकार या सेना नहीं थी। लोगों का जीवन मछली पकड़ने, नारियल की खेती और समुद्र से मिलने वाले संसाधनों पर निर्भर था। 1870 के दशक में यूरोपीय व्यापारी नाउरू पहुंचने लगे। वे यहां नारियल और दूसरे सामान का व्यापार करते थे। बदले में उन्होंने स्थानीय लोगों को शराब और बंदूकें बेचना शुरू कर दिया। इससे द्वीप का सामाजिक संतुलन बिगड़ने लगा। 1878 में एक शादी समारोह के दौरान रीति-रिवाज को लेकर बहस हुई। बहस के बीच एक व्यक्ति ने पिस्तौल निकालकर गोली चला दी, जिससे एक कबीलाई प्रमुख के बेटे की मौत हो गई। नाउरू की पारंपरिक संस्कृति में ऐसी हत्या का बदला लेना सामाजिक जिम्मेदारी माना जाता था। यहीं से बदले का सिलसिला शुरू हुआ, जो धीरे-धीरे पूरे द्वीप के 12 कबीलों के बीच गृहयुद्ध में बदल गया।

# लश्कर आतंकी बोला- भारतीय एजेंट्स ने हमारे 30 लोग मारे

**पेशावर से रावलपिंडी तक हमले किए, पीओके में भी चैन से नहीं रहने दिया**

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद**

इस्लामाबाद में लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी रिजवान हनीफ ने दावा किया है कि पिछले तीन-चार साल में उनके संगठन के 30 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। उसके मुताबिक ये हमले पेशावर, कराची, रावलपिंडी, रावलकोट और मुजफ्फराबाद में अज्ञात हमलावरों ने किए। उसने आरोप लगाया कि ये हमलावर भारतीय एजेंट्स थे।

इससे जुड़ा एक वीडियो सामने आया है। इसमें हनीफ कहता है, हमारे लोगों को भारतीय खुफिया एजेंसियों ने आजाद कश्मीर में अमन और चैन से नहीं रहने दिया। अपने एजेंट्स के जरिए उन्होंने हमारे लोगो को शहीद किया। पाकिस्तान पहले भी देश में आतंकियों की हत्याओं के लिए भारत पर आरोप लगाता रहा है। जनवरी 2024 में तत्कालीन विदेश सचिव मुहम्मद साइरस सज्जाद काजी ने दावा किया था कि भारतीय



एजेंसियां पाकिस्तान में सीमा पार टारगेट किलिंग में शामिल हैं। भारत ने इन आरोपों को खारिज कर दिया था। इसके बाद अप्रैल 2024 में ब्रिटिश अखबार द गार्डियन की रिपोर्ट में दावा किया गया कि 2020 के बाद पाकिस्तान में करीब 20 आतंकियों और उग्रवादियों की अज्ञात हमलावरों ने हत्या की।

इनमें लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिज्बुल मुजाहिदीन से जुड़े लोग भी शामिल बताए गए। रिपोर्ट में पाकिस्तानी अधिकारियों और कथित खुफिया सूत्रों के हवाले से इन घटनाओं के पीछे भारतीय एजेंसियों की भूमिका का दावा किया गया था।

### 40 साल पहले लश्कर-ए-तैयबा का गठन

लश्कर-ए-तैयबा की स्थापना 1987 में पाकिस्तान में हुई थी। यह संगठन सोवियत-अफगान युद्ध के दौरान बने जिहादी नेटवर्क से निकला था। ओसामा बिन लादेन के मेंटर माने जाने वाले अब्दुल्ला अज्जाम और उसके दो साथियों ने मिलकर मरकज-अद-दावा-वल-इरशाद नाम के धार्मिक संगठन की स्थापना की। मरकज-अद-दावा-वल-इरशाद संगठन का सशस्त्र (मिलिटेंट) विंग बाद में लश्कर-ए-तैयबा कहलाया। अरबी में इसका अर्थ है पवित्र लोगों की सेना। शुरूआती दौर में संगठन के लड़ाके अफगानिस्तान में सोवियत सेना के खिलाफ लड़ने के लिए भेजे जाते थे। 1989 में सोवियत सेना की वापसी के बाद संगठन का फोकस जम्मू-कश्मीर पर आ गया। इसी साल पेशावर में एक बम धमाके में अब्दुल्लाह अज्जाम की मौत हो गई। इसके बाद हाफिज सईद ने इस संगठन की कमान संभाल ली।

■ वर्ष-12 अंक-272 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

### सुभाषितानि

**सर्वाभिलाषिणः सर्वभोजिनः सपरिग्रहाः।**
**अब्रह्मचारिणो मिथ्योपदेशा गुरवो न तु॥**

**भावार्थ** : अभिलाषा रखनेवाले, सब भोग करनेवाले, संग्रह करनेवाले, ब्रह्मचर्य का पालन न करनेवाले और मिथ्या उपदेश करनेवाले, गुरु नहीं है।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, मंगलवासरः 04 अगस्त, 2026

**बहवो गुरवो लोके शिष्य वित्तपहारकाः।**
**क्वचितु तत्र दृश्यन्ते शिष्यचित्तापहारकाः॥**

**भावार्थ** : जगत में अनेक गुरु शिष्य का वित्त हरण करनेवाले होते हैं; परंतु, शिष्य का चित्त हरण करनेवाले गुरु शायद हि दिखाई देते हैं।

## सम्पादकीयम्

### शयने शान्तं

शयने शान्तं, डिजिटल-चैट्-मध्ये बोल्ड्! अस्माकं प्रेम्णः मार्गः किमर्थं परिवर्तते? यदा भवन्तः पाठद्वारा स्वभावं वा इच्छां वा प्रकटयन्ति तदा भवतः पूर्णं नियन्त्रणं भवति। भवन्तः पङ्क्तिं लिखन्ति, ततः चिन्तयन्ति यत् न, तत् पर्याप्तं आकर्षकं नास्ति इति। भवन्तः तत् विलोपयन्ति, अथवा इमोजी योजयन्ति, शब्दं अन्विष्यन्ति, ततः इति नुदन्ति। नमिता जोशी - ते वदन्ति यत् प्रेम अन्धः अस्ति, परन्तु आधुनिकः प्रेम न केवलं अन्धः, अपितु किञ्चित् 'अङ्गुष्ठ-प्रेरितः' अपि अभवत्। हृदयशरीरविषयान् व्यञ्जयन्तः शब्दाः अधरं प्राप्तुं पूर्वं क्षुब्धाः भवन्ति स्म ते दिवसाः गताः। अद्यत्वे भावानाम् अभिव्यक्तिः वा शारीरिककामना वा सर्वं वाच्यशब्दं बाईपासं कृत्वा अङ्गुष्ठद्वारा प्रत्यक्षतया व्हाट्सएप्प-पर्दे टङ्कितं भवति। आश्चर्यं मा कुरुत; इदं केवलं सिनेमायाः ग्रहणवाक्यं न अपितु कटु-अथवा सम्भवतः मधुरं-सत्यं यत दर्जनशः मनोवैज्ञानिक-समाजशास्त्रीय-अध्ययनैः प्रकाशितं यत् ऑनलाइन-उपलब्धम् अस्ति। प्रायः कल्प्यते यत् यदा दम्पतयः समीपस्थाः भवन्ति-शयने एकत्र शयनं कुर्वन्ति-तदा तेषां प्रेमस्य शारीरिककर्षणस्य च अभिव्यक्तिः चरमस्थाने स्यात् तथापि वास्तविकता तस्य विपरीतम् एव। आधुनिकदम्पतयः प्रायः शयने पार्श्वे पार्श्वे शयनं कुर्वन्तः भावनात्मकरूपेण।

#### अदम्यप्रकोपवृष्ट्या केरलस्य सामान्यजीवनं भृशं बाधितं जातम्

# केरलनगरे वर्षा-विनाशः ८ मृताः, ८ लापताः; सहस्राणि जनाः राहतशिबिरेषु

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तिरुवनन्तपुरम्



अदम्यप्रकोपवृष्ट्या केरलस्य सामान्यजीवनं भृशं बाधितं जातम्। जलप्लावनस्य, भूस्खलनस्य, जलस्य च कारणेन अनेकेषु मण्डलेषु स्थितिः गम्भीरा एव अस्ति। मुख्यमन्त्री वि.डी. सथीसनः रविवासरे अवदत् यत् विगत २४ घण्टेषु प्रचण्डवृष्ट्या सह सम्बद्धानां घटनानां अनन्तरं अष्टजनाः मृताः, १३ जनाः घातिताः, अन्ये अष्ट जनाः लापता एव सन्ति। युद्धपदे राहत-उद्धार-कार्यक्रमाः प्रचलन्ति, सहस्राणि जनाः सुरक्षितक्षेत्रेषु स्थानान्तरिताः च। मौसमविभागेन आगामिदिनेषु निरन्तरं प्रचण्डवृष्टिः भविष्यति इति चेतावनी जारीकृत्य जनसामान्यं सतर्कतां स्थापयितुं आग्रहः कृतः।

मुख्यमन्त्रीकार्यालयस्य आधिकारिकतथ्यानुसारं वषार्कारणात् राज्ये २७ गृहाणि पूर्णतया नष्टानि, १९६ गृहाणि आंशिकरूपेण क्षतिग्रस्तानि च अभवन्। प्रभावितपरिवारानाम् सुरक्षां सुनिश्चित्य विभिन्नेषु जिल्हेषु २०९ राहतशिबिराणि स्थापितानि सन्ति, येषु ५,७९२ जनानां अस्थायी आश्रयः प्राप्यते। प्रशासनं परिस्थितेः निकटतया निरीक्षणं कुर्वन् अस्ति, तथा च मण्डलाधिकारिभ्यः आवश्यकसम्पदां प्रदातुं निर्देशाः निर्गताः सन्ति। भारतस्य मौसमविभागेन राज्यस्य १२ जिल्हेषु 'ऑरेन्ज अलर्ट' जारीकृतम्। आगामिषु कतिपयेषु घण्टेषु पठनमथिट्टा, आलाप्पुझा, कोट्टयम्, एनार्कुलम्, इदुक्की, त्रिशूर्, पलाक्कड्, मलप्पुरम्, कोझिकोड, वायनाड, कन्नूर्, कासरगोड् च जिल्हेषु अत्यधिकवृष्टिः भविष्यति विभागेन सम्भाव्यं आकस्मिकजलप्रलयः, भूस्खलनं, मार्गगुहाप्रवेशः, निम्नक्षेत्रेषु जलप्रवाहः च इति चेतावनी दत्ता अस्ति।

इदुक्की इत्यत्र शनिवासरे प्रातःकाले पीरमाडे, थोडुपुझा तालुकयोः २०० मि.मी.तः अधिका वर्षा अभवत्। निरन्तरवृष्ट्या अनेकस्थानेषु भूस्खलनं जातम्। मण्डलप्रशासनेन उक्तं यत् सावधानतारूपेण १८७ जनानां स्थानान्तरणं १३ राहतशिबिरेषु कृतम् अस्ति। दुर्बलक्षेत्रेषु राहतदलानि नियोजितानि सन्ति, मार्गसंपर्कस्य पुनर्स्थापनार्थं च प्रयत्नाः प्रचलन्ति।

कासरगोडमण्डले अपि स्थितिः चिन्ताजनकः एव अस्ति। जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण (डीडीएमए) आगामिदिनद्वयं यावत् उच्चसचेतनाम् अस्थापयत्। जिलाधिकारी अर्जुन पाण्डियनः सर्वेषां विभागानां निर्देशं दत्तवान् यत् ते कस्यापि आपत्कालीनस्थितेः निवारणाय पूर्णतया सज्जाः भवन्तु। सम्प्रति मण्डले पञ्चसु राहतशिबिरेषु २०८ जनाः निवसन्ति। प्रशासनं नदीजलस्तरस्य, वषार्याः च निरन्तरं निरीक्षणं कुर्वन् अस्ति।

वषार्णां मध्ये मत्स्यजीविनां सुरक्षा अपि प्रमुखा चिन्ता अभवत्। मौसमविभागेन समुद्रं गन्तुं निषिद्धं कृत्वा अपि आजीविकायाः दबावात् बहवः मत्स्यजीविनः बहिः गच्छन्ति। विगतदिनेषु विभिन्नतटीयक्षेत्रेभ्यः मत्स्यजीविद्वयस्य मृत्योः, अन्येषां पञ्चानां अन्तर्धानस्य च घटनाः ज्ञाताः सन्ति आर्थिकबाध्यताः बहवः मत्स्यजीविः चेतावनीनां अवहेलनां कर्तुं प्रेरयन्ति, तस्मात् तेषां जीवनं संकटग्रस्तं भवति इति अधिकारिणः वदन्ति।

इदानीं रविवासरे एनार्कुलममण्डलस्य निवासिनः किञ्चित् राहतं प्राप्तवन्तः। शनिवासरे निरन्तरवृष्ट्या जलप्रवेशेन च प्रभावितेषु कतिपयेषु क्षेत्रेषु जलस्तरः क्रमेण न्यूनः भवितुं आरब्धः अस्ति।

#### प्रौढमहिलानां स्वेच्छया

# धर्मान्तरणं विवाहं च कर्तुं निर्णयेषु बाधां कर्तुं न शक्यते

ब्रह्मास्त्र ▸▸ प्रयागराज

व्यक्तिगतस्वतन्त्रतायाः, धर्मस्य स्वतन्त्रतायाः, स्वस्य पसन्दस्य व्यक्तिस्य विवाहस्य अधिकारस्य च विषये महत्त्वपूर्णानि अवलोकनानि कृत्वा इलाहाबाद उच्चन्यायालयेन उक्तं यत् यदि कश्चन प्रौढः महिला स्वेच्छया इस्लामधर्मं स्वीकृत्य स्वपसन्दस्य व्यक्तिना विवाहं कर्तुं निर्णयं करोति तर्हि तस्मिन् निर्णये हस्तक्षेपं कर्तुं कस्यचित् अधिकारः नास्ति परन्तु न्यायालयेन एतदपि स्पष्टीकृतं यत् प्रथमं एतत् सुनिश्चितं कर्तव्यं यत् सम्बन्धितमहिलाः स्वेच्छया निर्णयं कुर्वन्ति, अवैधरूपेण वा कस्यापि प्रकारस्य बाध्यतायां वा न स्थापिताः सन्ति।

न्यायाधीश संदीप जैन सहित एकल न्यायाधीश पीठ दिव्या भाटिया (उर्फ जोया दिया भाटिया, 20) तथा अंशु भाटिया (उर्फ अमीना अंशु भाटिया, 35) द्वारा दायर हबियास कॉर्पस याचिका सुनवाई करते हुए यह अवलोकन किया। याचिकायां आरोपः आसीत् यत् उभौ भगिन्यौ स्वेच्छया इस्लामधर्मं स्वीकृत्य हिन्दुधर्मं त्यक्त्वा स्वपसन्दस्य पुरुषाणां विवाहं कर्तुं निश्चयं कृतवन्तौ। ततः परं आरोपः आसीत् यत् तेषां पिता स्थानीयपुलिसैः सह साझेदारी कृत्वा तान् अवैधरूपेण निरुद्धवान् इति।

सुनवायीकाले न्यायालयेन अवलोकितं यत् उभौ महिलाः प्रौढौ स्तः अतः स्वधर्मस्य, विवाहस्य, निवासस्थानस्य, भविष्यस्य च विषये स्वतन्त्रनिर्णयस्य संवैधानिकः अधिकारः अस्ति यदि याचिकायां आरोपाः सत्याः इति ज्ञायते तथा च महिलाः स्वेच्छाविरुद्धं निरुद्धाः इति सिद्धं भवति तर्हि तेषां पित्रा अन्येन वा व्यक्तिना तेषां व्यक्तिगतनिर्णयेषु यत्किमपि हस्तक्षेपः संविधानेन प्रत्यायितस्य गौरवस्य, गोपनीयतायाः।

## भारतस्य मौसमविभागेन गुजरातस्य अनेकजिल्हेषु

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सूरत

अवलोकितवान् यत् सम्प्रति मौसमसुधारस्य लक्षणं नास्ति; अतः सार्वजनिकप्रवेशनिषेधः अगस्तमासस्य ७ दिनाङ्कपर्यन्तं प्रवर्तते। पुलिसः स्थानीयप्रशासनश्च निरन्तरं स्थितिं निरीक्षते। इदानीं भारतस्य मौसमविभागेन गुजरातस्य अनेकजिल्हेषु प्रचण्डवृष्टिः, गरजः, प्रचण्डवायुः च भवितुं 'लाल', 'नारंगी' च अलर्ट् जारीकृतम्। विभागेन केषुचित् क्षेत्रेषु प्रचण्डवृष्टिः, तीव्रवायुः च ६० कि.मी.प्रतिघण्टां वेगं प्राप्नुयात् इति पूवार्नुमानं कृतवान् अस्ति। सूरतसहितस्य अनेकजिल्हेषु निवासिनः सजगः भवितुं अनावश्यकयात्रायाः परिहाराय च सल्लाहः दत्तः अस्ति।

## राशिफल

**मेष** : करियर में फोकस बनाए रखने की जरूरत है। वहीं, यात्रा के दौरान कुछ दिक्कतें आ सकती हैं।

**वृषभ** : किसी करीबी से गिफ्ट मिलने की संभावना है। आपको पॉजिटिव बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

**मिथुन** : व्यवसायिक मुद्दों पर संयम बरतने की जरूरत है।अपनी फैमिली और दोस्तों के साथ वक्त बिताएं और ट्रिप पर जाएं।

**कर्क** : परिवार के सदस्यों के साथ मधुरता बनाए रखें। अपने स्वास्थ्य को अनदेखा न करें। प्रॉपर्टी में इन्वेस्ट करने से बचें।

**सिंह** : छात्रों को मन लगाकर पढ़ाई करने की सलाह दी जाती है। आज का दिन आपके लिए शुभ रहने वाला है।

**कन्या** : किसी भी प्रोजेक्ट में निवेश करने से पहले सलाह जरूर लें। लव लाइफ में टेंशन का माहौल बन सकता है।

**तुला** : अपने प्रेम-संबंधों को मजबूत बनाने के लिए पार्टनर से खुलकर बात-चीत करें और उन्हें समय दें।

**वृश्चिक** : आपका पार्टनर आपके लिए सरप्राइज डेट प्लान कर सकता है। वहीं, आपको स्वास्थ्य पर ध्यान देने की जरूरत है।

**धनु** : आज का दिन आपके लिए उतार-चढ़ाव वाला हो सकता है। जहां पारिवारिक बंधन मजबूत होंगे।

**मकर** : आज का दिन रोमांस से भरपूर रहने वाला है और आपको अपने पार्टनर के साथ क्वॉलिटी टाइम बिताने का मौका मिलेगा।

**कुंभ** : सहपाठियों के साथ मेल-जोल बढ़ाना आपकी प्रोफेशनल लाइफ के लिए बेहतर साबित हो सकता है।

**मीन** : प्रेम-संबंधों में मधुरता आएगी साथ ही पार्टनर के साथ वैकेशन पर भी जाने की संभावना है।

## ज्योतिष/वास्तु

# 5 अगस्त से बदलेंगे इन राशियों के दिन, बुधादित्य योग से धन-करियर में मिलेंगे शुभ परिणाम

5 अगस्त को बुधादित्य योग का प्रभाव कुछ राशियों के लिए विशेष रूप से लाभकारी साबित हो सकता है। आइए जानते हैं किन राशियों को इसका सकारात्मक परिणाम मिल सकता है।

जब जन्म कुंडली में सूर्य और बुध एक ही राशि या भाव में साथ स्थित होते हैं, तब बुधादित्य योग बनता है। 5 अगस्त को बुध ग्रह के कर्क राशि में प्रवेश करते ही यह शुभ योग बनेगा, क्योंकि सूर्य पहले से ही इस राशि में विराजमान हैं। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, इस योग का प्रभाव कुछ राशियों के लिए विशेष रूप से लाभकारी साबित हो सकता है। आइए जानते हैं किन राशियों को इसका सकारात्मक परिणाम मिल सकता है।

**मेष राशि-** इस राशि के जातकों के लिए यह योग चतुर्थ भाव, यानी सुख और संपत्ति से जुड़े स्थान में बनेगा। ऐसे में जमीन-जायदाद से जुड़े मामलों में सफलता मिलने की संभावना है। परिवार का माहौल शांत और सहयोगपूर्ण रहेगा। करियर में भी



प्रगति के संकेत हैं और आर्थिक स्थिति बेहतर हो सकती है। अगस्त के दौरान कुछ लोग वाहन खरीदने का मन बना सकते हैं। माता-पिता का सहयोग भी आपको मजबूती देगा।

**मिथुन राशि-** मिथुन राशि के स्वामी बुध हैं, इसलिए यह योग इनके लिए विशेष फलदायी माना जा रहा है। यह योग आपके दूसरे भाव, यानी धन स्थान में बनेगा, जिससे आय के नए स्रोत खुल सकते हैं। व्यापार से जुड़े लोगों को किसी बड़ी डील का लाभ मिल सकता है, वहीं नौकरीपेशा लोगों को पदोन्नति के अवसर मिल सकते हैं। आपकी वाणी और तर्कशक्ति के कारण समाज में सम्मान भी बढ़ सकता है।

**कर्क राशि-** कर्क राशि के जातकों के लिए बुधादित्य योग लग्न भाव में बनेगा, जो व्यक्तित्व और आत्मविश्वास से जुड़ा होता है। इस योग के प्रभाव से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और व्यक्तित्व में निखार आएगा। कुछ लोगों को मनचाही नौकरी मिलने की संभावना है। आर्थिक उन्नति के नए रास्ते खुल सकते हैं और प्रभावशाली लोगों से संपर्क स्थापित हो सकता है।

**तुला राशि-** तुला राशि के लिए यह योग कर्म भाव, यानी दसवें भाव में बनेगा, जो करियर और कार्यक्षेत्र से संबंधित होता है। इस दौरान आप अपने काम को लेकर अधिक सक्रिय रहेंगे और वरिष्ठ अधिकारी आपके कार्य की सराहना कर सकते हैं। नौकरी बदलने की सोच रहे लोगों को सफलता मिल सकती है। व्यापार करने वालों के लिए भी लाभ के संकेत हैं। जो लोग अपना नया काम शुरू करना चाहते हैं, उनके लिए समय अनुकूल हो सकता है और अगस्त में उनकी इच्छाएं पूरी हो सकती हैं।

#### बुमराह की जगह श्रीलंका दौरे पर जाएंगे, टीम इंडिया में आने वाले जम्मू-कश्मीर के तीसरे प्लेयर

# आकिब नबी पहली बार भारतीय टेस्ट टीम में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में बड़ा बदलाव हुआ है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की जगह आकिब नबी को टीम में शामिल किया गया है। नबी टीम इंडिया में चुने जाने वाले जम्मू-कश्मीर के सिर्फ तीसरे क्रिकेटर हैं। श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज 15 अगस्त से गॉल में शुरू होगी।

जसप्रीत बुमराह रविवार को टीम इंडिया से बाहर हो गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वे घुटने की चोट से नहीं उबर पाए हैं। टीम मैनेजमेंट और बीसीसीआई ने उनके लंबे करियर को देखते हुए कोई जोखिम नहीं लेने का फैसला किया है।

**नबी टेस्ट टीम में चुने जाने वाले जम्मू-कश्मीर के पहले क्रिकेटर-** 23 साल के आकिब नबी ने रणजी ट्रॉफी 2025-26 में शानदार प्रदर्शन किया था। अब उन्हें भारतीय टेस्ट टीम में मौका मिला है। वे टेस्ट टीम में चुने जाने वाले जम्मू कश्मीर के पहले क्रिकेटर हैं। वैसे, यहां के परवेज रसूल और उमरान मलिक भी भारतीय टीम में चुने जा चुके हैं लेकिन उन्हें सिर्फ वनडे और टी20 टीम में मौका मिला है।






दो रणजी सीजन में कुल 104 विकेट चटकाए 29 साल आकिब ने 2025-26 रणजी ट्राफी में मात्र 10 मैचों में 60 विकेट लिए, जिनमें सात बार पांच विकेट लेने का कारनामा शामिल है। पिछले दो रणजी सीजन में आकिब नबी ने कुल 104 विकेट लिए हैं। इनमें 2025-26 में 60 और पिछले सीजन में 44 विकेट शामिल हैं। इन आंकड़ों ने आकिब नबी का लाल गेंद क्रिकेट में देश के सबसे प्रभावशाली गेंदबाजों में शुमार कर दिया है।

- आकिब का नाकआउट मुकाबलों में प्रदर्शन विशेष रूप से शानदार रहा। आकिब ने क्वार्टरफाइनल में मध्य प्रदेश, सेमीफाइनल में बंगाल और फाइनल में कर्नाटक के विरुद्ध निर्णायक गेंदबाजी की। इन प्रदर्शनों ने न केवल जम्मू-कश्मीर को पहली बार रणजी ट्राफी का खिताब दिलाया बल्कि दबाव में उनके धैर्य को भी प्रदर्शित किया।
- इंडिया ए के साथ श्रीलंका दौरे पर थे नबी आकिब नबी हाल ही में इंडिया ए टीम के साथ श्रीलंका दौरे पर भी गए थे। वहां उन्होंने दो प्रथम श्रेणी मैचों में छह विकेट लिए थे।

### शुभमन गिल के नेतृत्व में उतरेगी टीम

श्रीलंका दौरे पर भारतीय टेस्ट टीम की कमान शुभमन गिल संभालेंगे। केएल राहुल उपकप्तान होंगे। विकेटकीपर के रूप में ऋषभ पंत और ध्रुव जुरेल टीम का हिस्सा हैं। भारतीय टीम के लिए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में पहुंचने के लिहाज से यह सीरीज जीतनी जरूरी है। भारत को साउथ अफ्रीका के खिलाफ पिछली घरेलू टेस्ट सीरीज में 0-2 से हार मिली थी।

## अर्शदीप की एक साल बाद रेड बॉल क्रिकेट में वापसी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की करीब एक साल बाद रेड बॉल क्रिकेट में वापसी हुई है। उन्हें दलीप ट्रॉफी 2026-27 के लिए नॉर्थ जोन की टीम में चुना गया है। अर्शदीप ने अपना पिछला रेड बॉल मुकाबला पिछले साल दलीप ट्रॉफी में ही खेला था।

15 मेंबर्स की टीम में जम्मू-कश्मीर के विकेटकीपर-बल्लेबाज कन्हैया वधावन को कप्तान और दिल्ली के ऑलराउंडर आयुष बडोनी को उपकप्तान बनाया गया है। नॉर्थ जोन अपना पहला मैच 23 अगस्त को बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में वेस्ट जोन के खिलाफ खेलेगा। कप्तान कन्हैया वधावन के अलावा जम्मू-कश्मीर से ओपनर कामरान इकबाल, मध्यक्रम के बल्लेबाज अब्दुल समद, स्पिन ऑलराउंडर आबिद मुश्ताक और तेज गेंदबाजों की जोड़ी सुनील कुमार व युद्धवीर सिंह टीम का हिस्सा हैं। पिछले रणजी सीजन में अब्दुल समद ने 15 पारियों में 57.53 के औसत से 748 रन बनाए थे और वे टीम के सबसे सफल बल्लेबाज रहे थे। कप्तान वधावन ने भी पिछले सीजन में 13 पारियों में 36.46 के औसत से 474 रन बनाए थे।

# हर्षिता टूर डी फ्रांस में हिस्सा लेने वाली पहली भारतीय



### यूसीआई के टैलेंट प्रोग्राम में चुनी गईं, पिता राकेश जाखड़ ने ट्रेनिंग दी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

राजस्थान की साइकिलिस्ट हर्षिता जाखड़ टूर डी फ्रांस फेम्स 2026 में हिस्सा लेने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं।

19 साल की हर्षिता ने रविवार को स्विट्जरलैंड के एग्ल में स्टेज टू की शुरूआत के दौरान साइकिलिस्टों के एक ग्रुप को लीड किया। हर्षिता को यूनियन साइकिलिस्ट इंटरनेशनल वर्ल्ड साइकिलिंग टैलेंट प्रोग्राम के तहत चुना गया था। इस प्रोग्राम में दुनिया भर के आठ साइकिलिस्ट शामिल थे, जिन्हें एलीट साइकिलिंग टूर्नामेंट का अनुभव देने के लिए चुना गया था। टूर डी फ्रांस महिलाओं की सालाना रोड साइकिलिंग रेस है। यह यूसीआई विमेंस वर्ल्ड टूर कैलेंडर का सबसे बड़ा और लंबा इवेंट है। जो 1 अगस्त को लुसाने से शुरू हुई और 9 अगस्त को नीस में समाप्त होगी। हर्षिता के साथ इस समूह में अफगानिस्तान, अल्जीरिया, चिली, इथियोपिया, नामीबिया और युगांडा के साइकिलिस्ट भी शामिल थे। इन सभी ने प्रोफेशनल पेलेटन के शुरू होने से पहले 4.5 किलोमीटर की न्यूट्रलाइज्ड राइड पूरी की। यूसीआई के अध्यक्ष डेविड लैपार्टिएंट ने उम्मीद जताई कि भारतीय साइकिलिस्ट हर्षिता भविष्य में टूर डी फ्रांस फेम्स की मुख्य प्रतियोगिता का हिस्सा बनेंगी।

ब्रह्मास्त्र
उज्जैन, मंगलवार 04 अगस्त, 2026



## खबर एक नजर...

### छिग्गु से ड्रग्स मामले के बाद आगजनी में पूछताछ

**उज्जैन।** बुंदेला गैंग के कुख्यात बदमाश यशवेन्द्र उर्फ छिग्गु बुंदेला को चिमनगंज थाना पुलिस ने ड्रग्स मामले में पूछताछ के लिये प्रोटेक्शन रिमांड पर लिया था। सोमवार को ड्रग्स मामले में पूछताछ पूरी होने के बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से अप्रैल माह में कुख्यात बदमाश रौनक गुर्जर के घर की आगजनी और हवाई फायर के मामले में फिर से 3 दिनों की रिमांड पर ले लिया गया। एसआई जयदीप राठौर ने बताया कि 13 अप्रैल को ढांचा भवन में छिग्गु बुंदेला ने अपने साथियों के साथ आगजनी को अंजाम दिया था। आगजनी में उसके कुछ साथियों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। छिग्गु उक्त मामले में लगातार फरार चल रहा था। उसे निम्बाहेड़ा पुलिस ने अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया था। जहां से उसे प्रोटेक्शन रिमांड पर लाया गया है। अप्रैल माह में बदमाश के चाचा धर्मेन्द्र उर्फ धम्मू बुंदेला को गरोठ ब्रिज के नीचे से 28 ग्राम ड्रग्स मामले में पकड़ा था। धर्मेन्द्र ने ड्रग्स अपने भतीजे छिग्गु द्वारा उपलब्ध कराना बताया था। उसे कुछ दिनों पहले नीलगंगा थाना पुलिस भी चाकूबाजी के मामले में रिमांड पर ले चुकी थी। बदमाश के खिलाफ कई संगीन मामले दर्ज है। पूर्व में उसके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा चुकी है,बावजूद उसकी अपराधिक गतिविधियां कम नहीं हुई है।

### भावसार समाज की धर्मशाला में विवाद, अध्यक्ष घायल

**उज्जैन।** दानीगेट स्थित भावसार समाज की धर्मशाला में समिति और ट्रस्ट के बीच विवाद हो गया। जिसमें अध्यक्ष संजय भावसार घायल हो गये। घायल अध्यक्ष संजय भावसार ने बताया कि धर्मशाला का संचालन और संधारण समाज की समिति और कार्यकारिणी द्वारा उनकी अध्यक्षता में किया जाता है। धर्मशाला का ट्रस्ट भी है, जिसके द्वारा अनियमितता और घोटाले किये जा रहे है। जिसको लेकर 27 जुलाई को शिकायती आवेदन पुलिस कंट्रोलरूम पर जीवाजीगंज सीएसपी को सौंपा गया था। ट्रस्ट द्वारा मनमानी कर नया अध्यक्ष और कार्यकारिणी का गठन कर लिया गया और धर्मशाला पर कब्जे का प्रयास किया जाने लगा। रविवार को ट्रस्ट द्वारा दिनेश भावसार निवासी इंगोरिया को नया अध्यक्ष घोषित कर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित कर लिया। समाज की समिति के साथ धर्मशाला पहुंचे तो ट्रस्ट सदस्यों द्वारा समिति की महिलाओं से अभद्रता की गई और मारपीट कर उन्हे घायल कर दिया गया। मामले की शिकायत जीवाजीगंज थाना पुलिस को दर्ज कराई है। समाजजनों ने बताया कि अध्यक्ष संजय भावसार के घायल होने पर उन्हे चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### स्कूल भेजने की बात बोलना युवक को पकड़ा भारी

**उज्जैन।** खाचरौद थाना क्षेत्र के कुम्हारवाड़ी में रहने वाले श्यामलाल पिता सुकराम चंद्रवंशी 30 साल ने समीप रहने वाले गणेश को कहा कि उसके बच्चे दिनभर खेलते रहते है, उन्हे स्कूल भेजा करों। गणेश भड़क गया और उसने गाली-गलौच शुरू कर दी। श्यामलाल ने उसे समझाने का प्रयास किया लेकिन गणेश ने अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दे डाली। श्यामलाल की शिकायत पर पुलिस ने मारपीट और धमकी देने का प्रकरण दर्ज कर गणेश की तलाश शुरू की है।

### सब्जी मंडी में हफ्ता नहीं देने पर मुनीम को मारे चाकू

**उज्जैन।** चिमनगंज आलू-प्याज मंडी में रविवार-सोमवार रात 11.30 बजे लहसुन की गाड़ी भरने का मुनीम अतुल पिता श्यामलाल परिहार 29 साल निवासी श्रीकृष्ण कालोनी हम्मालों से कराया जा रहा था। उसी दौरान 4 से 5 बदमाश पहुंचे और गाड़ी भरने के एवज में 5 हजार रुपए हफ्ता देने की मांग करने लगे। अतुल ने रुपए देने से मना किया तो बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। अतुल को बचाने के लिये काम करने वाले रवि पिता दीपचंद बनवार और कमलेश पिता रमेशचंद्र सेन निवासी बजरंग नगर आये तो हमलावरों ने उसके साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। अतुल चाकू लगने पर घायल हो गया था। उसे चरक अस्पताल लाया गया। चिमनगंज थाना प्रधान आरक्षक तेजकरण हिरवे ने बताया कि मामले में अस्पताल पहुंच घायल के बयान दर्ज किये गये और बदमाशों के खिलाफ हफ्तावसूली, चाकूबाजी करने का प्रकरण दर्ज किया। घायल अतुल एक को पहचानता है, जिसका सरनेम मालवीय है। प्रधान आरक्षक के अनुसार मालवीय के हिरासत में आने पर उसके साथियों की जानकारी सामने आ पायेगी।

### मेला ग्राउंड से मिली लाश की नहीं हुई पहचान

**उज्जैन।** कार्तिक मेला ग्राउंड से रविवार रात एक व्यक्ति की लाश पुलिस ने लोगों की सूचना पर बरामद की थी। महाकाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक की पहचान के प्रयास शुरू किये थे। एसआई बलराम थिरोठा ने बताया कि सोमवार शाम तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई। उसके पास से पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिला था, उसके हाथ की कलाई पर जितेन्द्र और अंग्रेजी में एस गुदा हुआ था। मृतक एक पैर से दिव्यांग था। परिजनों की जानकारी सामने नहीं आने पर पोस्टमार्टम कराकर शव को दफनाया गया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 147-2 | 134-8 |
| मेन बाजार | 346-3 | 348-5 |
| मिलन डे | 133-7 | 225-9 |
| मिलन नाइट | 127-0 | 158-4 |

1 6 9

#### सख्ती के बाद भी 2 थाना क्षेत्र में वारदात, संदिग्ध महिला-पुरूषों से पूछताछ

# महाकाल की सवारी में मौजूद रही बदमाशों की गैंग

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

बाबा महाकाल की पहली सवारी में आस्था की भीड़ में बदमाशों की गैंग सक्रिय रही। पुलिस की सख्ती के बाद भी 2 थाना क्षेत्र में कई वारदात होना सामने आया है। महाराष्ट्र की एक महिला पैंडल बरामदगी होना भी सामने आया है, वहीं कई संदिग्ध महिला-पुरूषों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

सावन माह के प्रथम सोमवार को निकली बाबा महाकाल की पहली सवारी में शामिल होने के लिये रविवार को ही लाखों की संख्या में श्रद्धालु धार्मिक नगरी में आ गये थे। सुबह से महाकाल मंदिर क्षेत्र में बाबा के दर्शन करने वाले भक्तों की भीड़ दिखाई दे रही थी। इसी बीच सुबह के समय हरिसिद्धी मंदिर के बाहर एक के बाद एक चार महिलाओं की चेन-मंगलसूत्र चोरी होने के मामले सामने आ गये। आस्था की भीड़ में मौजूद बदमाशों ने अनिता पति घनश्याम निवासी रतलाम और उसकी रिश्तेदार आरती पति अजय के गले से मंगलसूत्र चोरी कर लिया। हरसिद्धी चौराहा पर ही मुम्बई से आई सीजी पति मुरली के गले से एक महिला नो दो तोला वजनी चेन खींच ली। मुम्बई की महिला श्रद्धालु ने चेन खींचने वाली महिलाओं का पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह भीड़ में भाग निकली। कुछ देर बाद राजस्थान से आई कमलाबाई के गले से भी चेन उड़ा दी गई। चार वारदात सामने आने पर पुलिस अलर्ट हो गई थी, महाकाल क्षेत्र से



बदमाशों की गैंग में शामिल कुछ महिलाओं, पुरूषों को पकड़ा गया। बताया जा रहा है कि महाराष्ट्र की एक महिला से पुलिस ने आभूषण की बरामदगी की है। महिला श्रद्धालुओं के साथ हुई वारदात के साथ कुछ पुरूष श्रद्धालुओं के मोबाइल गायब होने के मामले भी सामने आये। सुबह के समय हुई वारदातों के बाद शाम चार बजे बाबा महाकाल की सवारी शुरू हुई। सवारी मार्ग पर श्रद्धालुओं की संख्या 6 लाख के पार पहुंच चुकी थी। तभी खाराकुआ थाना पहुंची 2 महिलाओं ने अपने गले से मंगलसूत्र और चेन चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई। सवारी खाराकुआ क्षेत्र से गुजरने के बाद एक युवक पर्स चोरी की शिकायत लेकर पहुंचा, वहीं 7 से 8 श्रद्धालुओं ने अपने कीमती मोबाइल चोरी होने की लिखित शिकायत पुलिस को दर्ज कराई। इधर बाबा महाकाल की सवारी नगर भ्रमण के बाद महाकाल मंदिर पहुंची तो महाकाल थाना पुलिस के पास भी मोबाइल, पर्स चोरी के मामले पहुंचना शुरू हो गये थे। पुलिस ने 4 से 5 महिला और 7 से 8 संदिग्ध युवकों को पूछताछ के लिये हिरासत में लिया था। जिनसे उनकी गैंग में शामिल सदस्यों की जानकारी जुटाकर सवारी मार्ग पर हुई वारदातों का पता लगाने के प्रयास किये जा रहे थे।

### बाहर से आये बदमाश कर गये वारदात

महाकाल की पहली सवारी से पहले रविवार को पुलिस ने श्रद्धालुओं के साथ होने वाली वारदातों को रोकने के लिये सर्चिंग अभियान चलाया था और शहरी सीमा के बने पारदी-कंजर डेरों के साथ सार्वजनिक स्थानों पर दबिश देकर वारदात की आशंका में 21 संदिग्धों को हिरासत में ले लिया था। जिनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया। लेकिन बाहर से आई बदमाशों की गैंग मंदिर के आसपास और सवारी मार्ग पर वारदात कर गई। महाराष्ट्र की महिला के हिरासत में आने पर इस बात की पुष्टि होना सामने आ रहा है।

#### आभूषण-नगदी चोरी, 2 अन्य घरों पर भी धावा

# कैमरे में दिखे 4 बदमाशों ने तोड़ा मकान का ताला

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सूने मकान पर रात में चोरों ने धावा बोला और आभूषणों के साथ नगदी चोरी कर ली। परिवार जयपुर गया था, वापस लौटने पर वारदात का पता चला। कैमरों के फुटेज देखने पर चार बदमाश दिखाई दिये है। चोरों ने 2 अन्य मकानों के ताले भी तोड़े है।

नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के कृष्णा परिसर में रहने वाली ममता सोनी 28 जुलाई को तीन बच्चों के साथ जयपुर गई थी। जहां से वापस लौटने पर मकान का ताला टूटा दिखाई दिया। घर का सामान बिखरा पड़ा था, रात के समय चोरों ने धावा बोलकर चोरी को अंजाम दिया था। मामले की सूचना पुलिस को दी गई, पुलिस ने जांच शुरू की और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे। जिसमें रात 4.30 बजे के लगभग बदमाश आते दिखाई दिये। जो करीब 20 से 25 मिनट बाद घर से निकलकर जाते दिखे। पुलिस ने फुटेज के आधार पर चारों बदमाशों की तलाश




शुरू की है। ममता सोनी के परिजनों ने बताया कि बदमाश पूरे घर का सामान अस्त-व्यस्त कर गये है, उन्होने किचन तक नहीं छोड़ा। बदमाश सोने-चांदी के आभूषण और 3 लाख से अधिक नगद चुराकर ले गये है। बताया जा रहा था कि ममता सोनी के मकान में हुई चोरी की वारदात के साथ बदमाशों ने पास वाली गली में 2 सूने मकानों के ताले भी तोड़े है। उक्त मकानों में रहने वाला परिवार भी शहर से बाहर गया हुआ है। जिनके आने पर चोरी गये सामान का पता चल पायेगा। रहवासियों का कहना था कि कृष्णा परिसर गली नम्बर 2 में भी चोरी की वारदात हो चुकी है।

### पैदल आये थे चोरी करने बदमाश

सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखने पर सामने आया है कि चारों बदमाश पैदल आये थे, उन्होने अपने चेहरे छुपा रखे थे। उनके पास ताले तोड़ने के औजार भी दिखाई दे रहे थे। सोनी परिवार के मकान में चोरी के बाद चारों पैदल भागे है। पुलिस बदमाशों के जाने वाले रास्तों का पता भी सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लगा रही है। आशंका यह भी जताई जा रही है कि बदमाश बाहरी हो सकते है। नानाखेड़ा और नीलगंगा थाना क्षेत्र की पॉश कालोनियों में पहले भी बदमाश चोरी कई कुछ बड़ी वारदात कर चुके है जिनका अब तक पता नहीं चल पाया है। एक वारदात में युवती भी शामिल होना सामने आई थी।

# सारीबारी मोड़ बायपास मार्ग पर मृत मिला युवक

### सड़क दुर्घटना में मौत शराब का था आदी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सारीबारी मोड़ इंदौर बायपास मार्ग पर सोमवार तड़के एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा मिला। जिसकी पहचान वहां से गुजर रहे मृतक के भतीजे द्वारा की गई। मामला सड़क दुर्घटना का प्रतीत हो रहा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

भैरवगढ़ थाना पुलिस ने बताया कि बायपास मार्ग पर तड़के एक व्यक्ति का शव पड़ा होने की खबर मिली थी, घटनास्थल पहुंचने पर सामने आया कि रात में उक्त व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी है। उसकी पहचान के प्रयास शुरू किये गये। कुछ देर में वहां से गुजर रहे प्रकाश चावड़ा ने मृतक की पहचान अपने चाचा रमेश पिता शोभाराम चावड़ा निवासी मौजमखेड़ी चक भितरी के रूप में कर ली। प्रकाश ने बताया कि वह काल भैरव मंदिर के पास फूलप्रसाद की दुकान लगाता है। सुबह दुकान जाने के लिये निकला था, उसी दौरान लाश पड़ी होने की खबर मिली थी। उसका कहना था कि चाचा रमेश शराब पीने के आदी थे। कुछ दिनों से लगातार शराब पी रहे थे, रात में घर भी नहीं लौट रहे थे। जिसके चलते परिवार भी उनकी तलाश नहीं कर रहा था। पुलिस के अनुसार मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। दुर्घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे जायेगें। उसके बाद ही स्पष्ट होगा कि कौन से वाहन ने टक्कर मारी है।

# पुराने विवाद में हमला परिवार के 9 लोग घायल

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

तराना में रविवार-सोमवार रात राजपूत परिवार के लोगों ने पुराने विवाद में लोधी परिवार पर हमला कर दिया। लोधी परिवार के 9 लोग घायल हो गये। पुलिस ने मामला दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू की है। घायलों को उपचार के लिये उज्जैन चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

तराना थाना एसआई रविन्द्र कटारे ने बताया कि ग्राम छावनी में रात को गोपाल पिता रामप्रसाद लोधी के परिवार पर इंदर राजपूत के परिवार ने पुराने विवाद में हमला कर दिया था। राजपूत परिवार ने लाठी और पत्थरों से वार किया। जिसमें गोपाल लोधी, हरपाल पिता विश्राम लोधी, प्रतापसिंह लोधी, जितेन्द्र लोधी, भूरू लोधी, दीपक लोधी, भरत लोधी, सुनीता पति शिवचरण लोधी, अमर लोधी घायल हो गये। गोपाल लोधी की शिकायत पर इंदर राजपूत, करण, कुंदन, चंदन, प्रदीप, वासु, आशीष और अन्यों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले दोनों परिवारों के बच्चों में विवाद हुआ था। उसके बाद राजपूत परिवार की लड़की ने दीपक और भरत के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज कराया था, उसके बाद मामला शांत हो गया था। रात में लोधी परिवार पर फिर हमला कर दिया गया।

#### सावन में महाकाल की नगरी उमड़ी आस्था

# उज्जैन आने वाली ट्रेनों में रिकॉर्ड रिजर्वेशन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन आने वाली ट्रेनों में अगस्त-सितंबर के लिए एडवांस रिजर्वेशन करीब 95,000 यात्री प्रतिदिन तक पहुँच रहे हैं। रेलवे ने भीड़ को देखते हुए वन-वे पैसेंजर मूवमेंट, ड्रोन निगरानी और छे अतिरिक्त ट्रेनों की व्यवस्था की है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के चलते स्टेशन पर अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों की तैनाती और होल्डिंग एरिया भी बनाए गए हैं, ताकि यात्रियों को सुविधा मिल सके।

उज्जैन स्टेशन पर सावन-भादौ में एडवांस बुकिंग लगभग 95,000 यात्री प्रतिदिन तक पहुँच रही है। रेलवे ने भीड़ नियंत्रण के लिए वन-वे पैसेंजर सिस्टम, स्टेशन परिसर में ड्रोन निगरानी, वाटरप्रूफ होल्डिंग एरिया, और छः अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनों की व्यवस्था की है। उत्तर मध्य रेलवे सहित विभिन्न जोन श्रद्धालुओं के लिए विशेष ट्रेनें चला रहे हैं, जैसे प्रयागराज (सूबेदारगंज) से इंदौर के बीच चलने वाली ट्रेन जो उज्जैन होकर गुजरती है। अधिकारियों का अनुमान है कि इस वर्ष सावन में रिकॉर्ड भीड़ हो सकती है, इसलिए टिकट जांच, प्लेटफॉर्म प्रबंधन, घोषणाएँ, और यात्री सुविधाओं को भी बढ़ाया गया है। यात्रियों को सलाह दी जा रही है कि वे अपनी यात्रा से पहले टिकट आरक्षित कर लें और निर्धारित समय से पहले स्टेशन पहुँचें, खासकर सावन के सोमवार, नागपंचमी और शाही सवारी जैसे अवसरों पर। अगर भीड़ इसी तरह बढ़ती रही तो रेलवे स्टेशन पर इस साल अब तक की सबसे अधिक भीड़ दर्ज. होने की संभावना है।

- उज्जैन जंक्शन पश्चिम रेलवे का एक प्रमुख जंक्शन है, जहाँ से लगभग 305 ट्रेनें समय-सारिणी के अनुसार गुजरती या रुकती हैं, और करीब12 ट्रेनें यहीं से शुरू होती हैं। स्टेशन पर 8 प्लेटफॉर्म हैं और यह रतलाम, इंदौर, भोपाल और फतेहाबाद की दिशाओं को जोड़ता है। सावन-भादों में भारी भीड़ को देखते हुए, रेलवे ने अतिरिक्त प्रबंधन के तहत दैनिक तौर पर करीब95,000 यात्रियों के अग्रिम आरक्षण, ड्रोन निगरानी और छः विशेष ट्रेनों की व्यवस्था की है। यात्रियों को सलाह दी जा रही है कि वे पहले से टिकट बुक कर लें और निर्धारित समय से पहले स्टेशन पहुँचें, खासकर सावन के सोमवार, नागपंचमी और शाही सवारी के दिनों में। अगर भीड़ इसी तरह बढ़ती रही तो इस साल उज्जैन स्टेशन पर अब तक की सबसे अधिक भीड़ दर्ज. होने की संभावना है।
- सावन के चारों सोमवार, नागपंचमी, शाही सवारी और रक्षा बंधन पर यात्रियों की संख्या कई गुना बढ़ जाती है। रेलवे ने स्टेशन पर वन-वे सिस्टम, ड्रोन निगरानी, अतिरिक्त जवान, और वाटरप्रूफ होल्डिंग एरिया जैसी सुविधाएँ लागू की हैं, साथ ही6 अतिरिक्त ट्रेनें भी चला रही है। उज्जैन जंक्शन पर लगभग305 ट्रेनें रुकती या गुजरती हैं और करीब 12 ट्रेनें यहीं से शुरू होती हैं, जिनमें सीटों की माँग बहुत अधिक रहती है। श्रद्धालुओं को सलाह दी गई है कि वे कन्फर्म टिकट लेकर ही यात्रा करें, समय से पहले पहुँचें, और भीड़-भाड़ वाले दिनों में पर्याप्त अतिरिक्त समय रखें।
- रेल ही नहीं, बल्कि सड़क और हवाई मार्ग से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु उज्जैन पहुँच रहे हैं। इंदौरझ्रउज्जैन, देवास रोड, बड़नगर रोड और आगरा रोड पर निजी वाहनों व बसों का दबाव बढ़ जाता है। देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से भी कई श्रद्धालु करीब 55 किलोमीटर की सड़क यात्रा कर उज्जैन पहुँचते हैं। सावन में महानगरों से आने वाली फ्लाइट्स में भी भीड़ बढ़ती है, क्योंकि बाहर के राज्यों से लोग फ्लाइट लेकर फिर सड़क मार्ग अपनाते हैं। महाकाल लोक, महाकालेश्वर मंदिर और धार्मिक आयोजनों के कारण होटल, धर्मशालाओं और स्थानीय परिवहन पर भी अतिरिक्त दबाव रहता है। प्रशासन ने भीड़ प्रबंधन के लिए ट्रैफिक डायवर्जन, पार्किंग व्यवस्था और शटल सेवाएँ तैनात की हैं।

# नकली बताकर पिता-पुत्र ने हड़पे लाखों के आभूषण

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पंडिताई का काम करने वाले वृद्ध के साथ लाखों के आभूषण ठगी की वारदात हो गई। पुलिस ने अमानत में खयानत का मामला दर्ज कर जांच में लिया है। आभूषण ठगने वाले पिता-पुत्र से बरामदगी के प्रयास किये जा रहे है।

महाकाल थाना पुलिस को रविवार शाम हरसिद्धी मंदिर के पीछे योगीपुरा में रहने वाले प्रदीप पिता प्रभुनारायण उपाध्याय 60 साल ने शिकायत दर्ज कराई कि पंडिताई का काम करता हूं। घर में पुस्तैनी आभूषण रखे थे, मेरी पत्नी उमा ने पुत्र हर्षल को पुस्तैनी आभूषण चैक कराने के लिये कहा था। पुत्र को उसके दोस्त दिपेन्द्र ने बताया कि उसके पिता सुभाष कसेरा आभूषण चैक करते है। 12 जून को पुत्र और उसका दोस्त सोने की चार चुड़ी, माथे का टीका, एक जोड़ टाप्स, तीन अंगुठी, दो मंगलसुत्र कटोरी वाला, एक नथनी, कांटा नाक का तथा चांदी की बिछुडी लेकर गया था। दिपेन्द्र के पिता ने सभी आभूषण रख लिये और कल चैक कर बताने की बात कहीं। दूसरे दिन पुत्र आभूषण लेने गया तो सुभाष कसेरा और उसके पुत्र ने आभूषण नकली होना बताकर भंगार में डालने की बात कहीं और आभूषण नहीं लौटाये। उसके बाद से लगातार उनसे आभूषण मांगे जा रहे थे लेकिन वापस नहीं किये। एसआई बलराम थिरोठा ने बताया कि मामले में अमानत में खयानत का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है। शिकायतकर्ता प्रदीप उपाध्याय का कहना था कि आभूषण 25 साल पहले मुम्बई में रहने वाली बहन की शादी में आये थे। बहन का 2023 और जमाई का 2025 में निधन हो गया था। आभूषण उनके पास रखे थे।




आभूषण ठगने वाले पिता-पुत्र से बरामदगी के प्रयास किये जा रहे




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com